


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-271 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### इकबाल अंसारी ने मोदी पर बरसाए फूल

**नई दिल्ली,30 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जब अयोध्या पहुंचे तो एयरपोर्ट से निकलने के बाद पीएम का रोड शो निकला. इस दौरान लोगों ने उनका पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया. सड़क के दोनों तरफ लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा और हर कोई अपने प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को आतुर दिखा. इस दौरान एक अनूठा दृश्य देखने को मिला जब बाबरी केस के पक्षकार हाशिम अंसारी के बेटे इक़बाल अंसारी पीएम मोदी पर गुलाब के फूल बरसाते हुए नजर आए. पीएम पर फूल बरसाने को लेकर इकबाल अंसारी ने कहा, 'अयोध्या सभी को संदेश देती है यहां हिंदू मुस्लिम सब मिलकर रहते हैं एक दूसरे के कार्यक्रम में शिरकत करते हैं.'

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बिलासपुर,30 दिसंबर।** जिले में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है. देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. हादसे में बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है. घायल का इलाज अस्पताल में जारी है. यह मामला कोटा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, बीती रात बाइक में सवार होकर दो युवक जा रहे थे. तभी कोटा क्षेत्र के छेरकाबांधा स्थित वेलकम फैक्ट्री के पास अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से जा टकराई. हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल युवक इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स रेफर किया गया है. हादसे में जान गवाने वाले युवक की पहचान पीपरपारा निवासी बड़कू के रूप में हुई है.

### मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**बालोद,30दिसंबर।** दल्लीराजहरा माइंस जा रही एक मालगाड़ी हादसे का शिकार हो गई है. माइंस जा रही मालगाड़ी का एक डिब्बा पलट गया और दो डिब्बे पटरी से उतर गये हैं।बताया जा रहा है कि मालगाड़ी भिलाई से कच्चा लोहा खाली कर दल्लीराजहरा माइंस वापस माल भरने आ रही थी, तभी अचानक डिब्बे पटरी से उतर गए. यह हादसा गांधी चौक के पास हुआ है. एक डिब्बा पलटने के साथ दो डब्बा ट्रैक से बाहर हो गया है इनमें से प्रमुख वजह है रेलवे ट्रैक पर मैकेनिकल फॉल्ट यानी रेलवे ट्रैक पर लगने वाले उपकरण का खराब हो जाना. इसके बाद पटरियों का चटकना, ट्रेन के डिब्बों को बांध कर रखने वाले उपकरण का ढीला होना व एक्सेल (ट्रेन की बोगी जिस पर रखी होती है) का टूटना भी एक कारण है।

### अब सालभर होंगे मां दंतेश्वरी के वीआईपी दर्शन

**दंतेवाड़ा,30 दिसंबर।** नए साल के मौके पर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर में भक्तों का तांता लग रहा है। हर दिन बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना से हजारों की तादात में भक्त माता के दरबार पहुंच रहे हैं। इस बार 1 जनवरी से भक्तों को व्हीआईपी दर्शन की सुविधा मिलेगी। इसके लिए 2100 रुपए की पर्ची कटवानी पड़ेगी। बता दे कि इससे पहले यह सुविधा सिर्फ नवरात्र में ही दी जा रही थी। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में स्थित बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का मंदिर विश्व विख्यात हो गया है। चैत्र नवरात्र, शारदीय नवरात्र और दिसंबर और जनवरी के महीने में सबसे ज्यादा भीड़ होती है। लोग तरह तरह की मुराद लेकर देश के कोने कोने से मां के दरबार पहुंचते है बता दे कि पहले यह सुविधा केवल नवरात्र के समय ही रहा करती थी बाद में व्हीआईपी दर्शन की सुविधा बंद कर दी गई थी । लेकिन, भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए 1 जनवरी से व्हीआईपी दर्शन की सुविधा फिर से शुरू की जा रही है। मंदिर के पास स्थित काउंटर से भक्त 2100 रुपए की पर्ची कटवा सकते हैं। इस पर्ची से 3 से 4 लोग गर्भगृह तक जाकर दर्शन कर सकते हैं।

## अयोध्या में प्रधानमंत्रीः रोड शो और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के बाद दलित के घर पी चाय

**अयोध्या,30 दिसंबर।** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामनगरी को आज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे समेत 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। अयोध्या में पीएम मोदी ने 15 किमी लंबा रोड करने के बाद अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने अमृत भारत और वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या जंक्शन से उद्घाटन करने के बाद सड़क मार्ग के जरिए ही अयोध्या के राजघाट मोहल्ले में स्थित एक दलित बस्ती में पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने दलित मीरा के घर पहुंचे और उनके हाथ की चाय पी। राम मंदिर के फोटो पर ऑटोग्राफ दिया। नाम के ऊपर वंदे मातरम् लिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कंधरपुर इलाके में स्थित धनीराम माझी के घर भी पहुंचे। उनसे मुलाकात की। ऐसा बताया जा रहा है कि मोदी ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट जाते समय लता मंगेशकर चौक पर इन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्योता दिया।

उसके बाद महर्षि वाल्मीकि



उतरे। यहां उन्होंने वीणा को चारों तरफ से निहारा। इसके बाद आगे के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोधया के राजघाट निवासी दलित मीरा के घर पहुंचे। पीएम मोदी ने निषाद परिवार से मुलाकात की। पीएम मोदी रविंद्र मांझी के परिवार से भी मिले। पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास मैदान में आयोजित रैली में एयरपोर्ट समेत 1600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के बाद निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री ने अश्विनी वैष्णव ने पीएम मोदी को रेलवे स्टेशन का मॉडल दिखाया। स्टेशन की सुविधाओं के बारे में उन्होंने पीएम को जानकारी दी। पीएम मोदी ने परिसर में भित्तिचित्र भी देखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई अमृत भारत ट्रेन में स्कूली बच्चों से मुलाकात की। इसके अलावा सीतामढ़ी से आई महिलाओं, रक्सौल से आए श्रद्धालु से मिले। उनसे संवाद भी किया। अमृत भारत ट्रेन बनाने वाली आईएफ़्स चेन्नई के इंजीनियरों से भी बात की। छात्राओं ने पीएम मोदी को कविता सुनाई। सीतामढ़ी की महिलाओं ने मधुबनी पेंटिंग भेंट की। पीएम ने सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किय। पीएम नरेंद्र मोदी ने दो नई अमृत भारत ट्रेनों और छह नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले पीएम मोदी ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया।

## अपोलो हॉस्पिटल के 4 डॉक्टर गिरफ्तार

### गोल्डी छाबड़ा डेथ केस में 7 साल बाद कार्रवाई

**बिलासपुर,30 दिसंबर।** बहुचर्चित गोल्डी छाबड़ा की मौत के मामले में 7 साल के बाद पुलिस ने इलाज में लापरवाही बरतने और सबूत मिटाने के आरोप में अपोलो अस्पताल के 4 सीनियर डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने इस केस की जांच के बाद अपोलो अस्पताल प्रबंधन पर भी कार्रवाई करने का दावा किया है। बता दे कि गोल्डी छाबड़ा के परिजनो ने मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था, लेकिन तब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद परिजनों ने हाईकोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी। इसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और मेडिको लीगल संस्थान ने डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दी, जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए यह कार्रवाई की है।

आदर्श कॉलोनी निवासी गोल्डी उर्फ गुरवीन छाबड़ा (29) को 25 दिसंबर 2016 को पेट में दर्द हुआ। जिस पर परिजन इलाज के लिए उसे अपोलो अस्पताल ले गए। दूसरे दिन 26 दिसंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से मौत के आरोप लगाए और सिटी कोतवाली पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने जांच के बाद कोई कार्रवाई नहीं की और मामले को दबा दिया गया।

इसके बाद गोल्डी के पिता परमजीत छाबड़ा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इलाज में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों के खिलाफ जांच कर केस दर्ज करने की मांग की थी। 4 साल पहले हाईकोर्ट ने पुलिस को दोबारा इस केस की जांच कराने के आदेश दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने जांच कराई और मेडिको लीगल संस्थान से राय मांगी। जांच रिपोर्ट में डॉक्टरों की लापरवाही सामने आने के बाद 3 महीने पहले पुलिस ने



केस दर्ज कर जांच शुरू की। शुरुआत में केस दर्ज करने के बाद सरकंडा पुलिस ने डॉक्टरों के नाम को आरोपियों की लिस्ट में शामिल नहीं किया था, जिस पर गोल्डी के परिजनों ने अपने बयान में इलाज करने वाले डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ. राजीव लोचन, डॉ. मनोज राय और डॉक्टर सुनील केडिया का नाम बताया और उन्हें नामजद आरोपी बनाने की मांग की। इधर टीआई जेपी गुप्ता जांच का बहाना बनाते रहे। टीआई ने उन्हें कहा कि इलाज में लापरवाही के संबंध में जांच की जाएगी, जबकि परिजनों का कहना था कि मेडिको लीगल रिपोर्ट में साफतौर पर लिखा है कि डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती है।

## हेराफेरी के मामले में पीडीएस की 5 दुकानें निरस्त

**महासमुंद,30 दिसंबर।** गरीबों को मुफ्त और कम दामों में राशन मुहैया कराने के लिए शासन शासकीय उचित मूल्य की दुकाने संचालित करती है. लेकिन दुकान संचालक ही अगर गरीबों के राशन पर डाका मार दे तो बेचारे गरीब कहां जाये ये एक बड़ा सवाल है. एक ऐसा ही मामला महासमुंद जिले का है, जिसपर खाद्य विभाग कार्रवाई के नाम पर सुस्त नजर आ रहा है. हेराफेरी करने वाले 12 दुकान संचालकों में से अब तक 9 पर कार्रवाई की गई है. दरअसल महासमुंद में पीडीएस के तहत हेराफेरी की आंशका को देखते हुए सितंबर 2022 में जिला खाद्य अधिकारी को जांच के लिए शासन से एक पत्र आया. इस आधार पर पीडीएस की दुकानों की जांच की गई. जांच में पाया गया कि जिले के 591 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में से 12 (बागबाहरा में कसीबाहरा, पिथौरा मे सागुनडाप, बसना के सूखापाली, बिरसींगपाली, बसना, कुडेकेल, सरायपाली के पसरापाली, केना, कोदोकुडा, खैरझिटी, सल्डीह , अंतरला) शासकीय उचित मूल्य की दुकानो से चावल 1946.04 क्विंटल, शक्कर 45.35 क्विंटल, नमक 69.5 क्विंटल, चना 4.56 क्विंटल का गबन किया गया है. उसके बाद खाद्य विभाग के आला अधिकारी ने सभी दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है पर विडंबना देखिये कि 14-15 महीने बीत जाने के बाद भी आज तक राशन गबन करने वालों से सौ फीसदी न तो चावल वसूला गया और न ही किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा गया. इन 12 दुकान संचालकों में 9 से 772.92 क्विंटल चावल रिकवर किया गया. लेकिन 3 दुकान संचालकों से आज तक 1173.12 क्विंटल चावल वसूली करना बाकी है. इस पूरे मामले में खाद्य अधिकारी का कहना है कि 12 में से 05 दुकानों को एसडीएम ने निरस्त कर दिया है.



## ननिहाल के चावल से राम भक्तों के लिए बनेगा भोग

### मुख्यमंत्री ने 11 ट्रकों में 300 मीट्रिक टन चावल किया अयोध्या रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,30 दिसंबर।** अयोध्या में तैयार हो रहे भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन की तैयारी चल रही है। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। इसके लिए अयोध्या सहित देशभर में तैयारियां चल रही हैं। देश का हर प्रदेश अपनी तरफ से कुछ न कुछ दान कर पुण्य का भागी बन रहा है। इसी क्रम में भगवान राम के ननिहाल यानी छत्तीसगढ़ में भी जमकर तैयारी चल रही है। आज शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवा झंडा दिखाकर छत्तीसगढ़ से 11 ट्रकों में 3000 क्विंटल चावल अयोध्या के लिए रवाना किया। जो 31 दिसंबर को पहुंचेगा। इस चावल का इस्तेमाल भगवान श्रीराम के महाभंडारे में होगा। छत्तीसगढ़ के सुगंधित चावल से अयोध्या का महाभंडारा महकेगा। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री साय को लड्डूओं से तौल कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक संपत अग्रवाल छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल समेत कई भाजपाई मौजूद हैं।

## प्रभु राम केवल हिंदुओं के नहीं, पूरे विश्व के हैं: फारुक

**श्रीनगर,30 दिसंबर।** अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक से पहले, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि भगवान राम केवल हिंदुओं के नहीं बल्कि दुनिया के सभी लोगों के हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने भाईचारे, प्रेम और एकता की बात की और उन लोगों को ऊपर उठाने पर जोर दिया जो गिरे हुए थे और उन्होंने कभी उनके धर्म के बारे में नहीं पूछा। एनसी प्रमुख ने अगले महीने होने वाले प्रतिष्ठा समारोह के लिए भक्तों को बधाई दी और कहा कि वह मंदिर के लिए प्रयास करने वाले सभी लोगों को बधाई देना चाहते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने मंदिर के लिए प्रयास किया। यह अब तैयार है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि भगवान राम केवल हिंदुओं के नहीं हैं, वे दुनिया के हर व्यक्ति के हैं। यह किताबों में लिखा है। इसके साथ ही अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने भाईचारा, प्यार और एकता की बात की है। उन्होंने हमेशा लोगों को जमीन से ऊपर उठाने पर जोर दिया और कभी उनका धर्म...भाषा नहीं पूछा। उन्होंने एक सार्वभौमिक संदेश दिया...अब जब यह मंदिर खुलने वाला है, तो मैं सभी से कहना चाहता हूं कि भाईचारा बनाए रखें। उनकी टिप्पणी उस दिन आई जब प्रधान मंत्री



नरेंद्र मोदी रेलवे परियोजनाओं, नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे अयोध्या धाम और अन्य विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करने के लिए तैयार हैं। शहर में मेगा रोड शो करने के बाद प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पहुंचें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन और एक नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के लिए अयोध्या पहुंचे तो देश भर से कलाकारों के विभिन्न समूहों ने उनका स्वागत किया। रेलवे स्टेशन जाते समय, प्रधान मंत्री ने एक रोड शो किया, जहां 1,400 से अधिक कलाकारों ने राम पथ मार्ग पर स्थापित कुल 40 चरणों पर लोक कला और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## नौकरी लगाने के नाम पर 54 लाख की ठगी,डॉक्टर गिरफ्तार

**बिलासपुर,30 दिसंबर।** नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी ने 13 बेरोजगारों से 54 लाख 70 हजार रुपये की ठगी की थी. आरोपी डॉक्टर चंद्र प्रकाश प्रधान बरबसपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोरबा का रहने वाला है. दरअसल चकरभाठा क्षेत्र में रहने वाले रुद्र कुमार कौशिक और 12 अन्य लोगों को कोरबा निवासी डॉक्टर चंद्र प्रकाश प्रधान ने एफसीआई और फारेस्ट गार्ड की नौकरी लागाने का झांसा दिया और उनसे 54 लाख 70 हजार रुपये वसूल लिए थे. नौकरी नहीं लगने पर पीड़ितों ने पैसे की मांग की, तो डॉ. प्रधान उन्हें टालते रहे. ऐसे में पीड़ितों ने 27 अगस्त 2023 को चकरभाठा थाना पहुंच नौकरी लागाने का झांसा देकर लाखों रुपये वसूलने वाले डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई. इसके बाद पुलिस आरोपी डॉक्टर की पतासाजी कर रही थी. शुक्रवार को वो चकरमाठा मार्केट आया, तो सूचना मिलने पर चकरमाठा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 34 भादवि के तहत कार्रवाई कर रही है.



## छात्रा ने बनाया स्मार्ट शू, मोबाइल होगा चार्ज



**रायपुर,30 दिसंबर।** रायपुर के केंद्रीय विद्यालय की छात्रा नीलम साहू ने कमाल किया है. 9 वीं कक्षा की छात्रा नीलम ने एक ऐसा स्मार्ट शू तैयार किया है, जिससे आप अपना मोबाइल चार्ज कर सकते है. इसके अलावा इसमें कई शेफ्टी फीचर्स भी मौजूद है. जो किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में इससे पहनने वाली की लास्ट लोकेशन भी जीपीएस की मदद से बताएगा. नीलम ने बताया कि इस जूते में चार्जिंग करने के तीन अलग-अलग तरीके मौजूद है. जिसमें एक प्वाईंट से आप 8 घंटे चलने के बाद मोबाइल को फूल चार्ज कर सकते है, एक सोलार पैनल की मदद से और एक नार्मल शॉकिट से मोबाइल चार्ज किया जा सकता है. बता दें कि नीलम के माता-पिता दोनो पेशे से शिक्षक है. नीलम कहती है कि पिछले दिनों वे शिरडी गई थी. तब ऐसा हुआ कि उनका मोबाइल बार-बार डिस्चार्ज हो रहा था और उन्हें चार्जिंग के लिए परेशान होना पड़ रहा था. तभी उन्हें ख्याल आया कि क्यों न ऐसा कोई उपकरण बनाया जाए जो हमेशा अपने साथ रहे और इसमें से ही मोबाइल चार्जिंग आसानी से हो जाए.

### 2023 में साल भर चलता रहा कुश्ती संघ और पहलवानों के बीच विवाद

jasclaudius@gmail.com

## कुश्ती के सितारों को पहुंची मानसिक क्षति का जिम्मेदार कौन?

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हमारे देश में खेलों के संचालन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ दिल्ली अर्थात् इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन न्यू देलही (आईओए) सबसे प्रमुख भूमिका निभाती है। आम तौर पर क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, गोल्फ, निशानेबाजी, घुड़सवारी आदि अनेक खेल है जिनमें आमतौर पर मध्यमवर्गीय परिवार के खिलाड़ी भाग ही लेते हैं। एक तो धन का अभाव दूसरी बात उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाने के कारण ये खिलाड़ी दूसरे पर निर्भर होते हैं। यहां तक उनके अभिभावक अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षकों तथा संघ के सदस्यों के हाथों सौंप देते हैं। हमारे देश में महिला खिलाड़ियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना सामने आती रही है। जब से ओलंपिक संघ में लिंग भेद को समाप्त करते हुए इस प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट में महिला, पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों की संख्या को बराबर-बराबर करने की नीतिगत निर्णय लिया गया है तब से भारत में स्त्री खिलाड़ियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं ज्यादा प्रकाश में आने लगी है। भारतीय पहलवानों ने 21वीं सदी में अंतर्राष्ट्रीय सतर पर शानदार प्रदर्शन किया है। इसकी प्रमुख वजह कम उम्र में भी लड़के व लड़कियों को चुनकर प्रशिक्षित किए जाने की परंपरा का आरंभ होना रहा है। कुश्ती में हमारे पहलवानों ने महिला वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल दिखाया है। साक्षी मलिक अब तक सबसे सफल पहलवान रही है। उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में भारत के लिए कांस्य जबकि 2014, 18, 22 के राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः रजत, कांस्य व स्वर्ण पदक जीता था। 18 जनवरी 2023 को भारत के खेल इतिहास में एक बड़ा विस्फोट हुआ जबकि साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगट ने भारतीय कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के साथ अभद्रता, यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए धरना दे दिया। इसके साथ ही हमारे देश में 2023 में खिलाड़ियों और कुश्ती खेल संघ के बीच सालभर चलने वाला विवाद शुरू हुआ। यह सब कुछ अत्यंत घिनौनी और अक्षम्य घटना का परिणाम है। भारत के पहलवानों ने ओलंपिक खेलों में अब तक सात पदक जीते हैं जिनमें 1952 में केडी जाधव, 2008 बीजिंग और 2012 लंदन ओलंपिक में सुशील कुमार ने कांस्य व रजत पदक जीता। योगेश्वर दत्त ने 2012 में कांस्य, रवि कुमार ने 2020 टोक्यो में रजत, बजरंग पूनिया ने टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता है। इस तरह की शानदार उपलब्धि के साथ जबकि हमारे पहलवान बड़ी तेजी के साथ भारत का नाम रौशन करने के लिए आगे रहे थे तभी 2023 में महिला पहलवानों के साथ न जाने कितने वर्षों से हो रहे अन्याय की ज्वालामुखी फूट पड़ी। दिसम्बर 2023 में आखिरकार भारतीय कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह सहित पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया और अब भूपिंदर बाजवा को कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनाया गया है इसमें पूर्व हॉकी खिलाड़ी एमएम सोमाया तथा बेडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कवर को सदस्य बनाया गया है। पूर्व कुश्ती संघ ने भारतीय कुश्ती सितारों का बहुत नुकसान किया है अब नई सोच के साथ कुछ नया होने की उम्मीद है।




## अधिवक्ता संघ की दो एकड़ जमीन गलत तरीके से बेचने की तैयारी

**रायपुर,30 दिसंबर।** अधिवक्ता संघ की करीब दो एकड़ जमीन गलत तरीके से बेचे जाने की तैयारी का आरोप लगा है. ये आरोप संघ के सदस्यों ने ही संघ के पदाधिकारियों पर लगाया है. इस पूरे मामले की शिकायत रजिस्ट्रार से लिखित की गई है, जिसमें नवा रायपुर की करीब 2 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है. संघ के पदाधिकारियों पर ये भी आरोप है कि सदस्यों को बिना सूचना दिए आमसभा बुला ली गई और अधिवक्ताओं को आबंटित होने वाली जमीन बेचने की तैयारी कर ली गई. इतना ही नहीं जमीन करीब 60 लाख रूपए में बेचे जाने की तैयारी थी और कागजों में इसे 45 लाख रूपए दर्शाया जा रहा था. इस पूरे मामले में अधिवक्ता विजय राठौर द्वारा शिकायत की गई है. शिकायतकर्ता विजय राठौर ने बताया कि जब अधिवक्ता संघ का गठन हुआ था तब सभी सदस्यों से 10-10 हजार रूपए लिए गए थे. इसके अलावा पंजीयन शुल्क के नाम पर 700 रूपए. बाद में कोरोनाकाल के वक्त कुछ सदस्यों ने अपने पैसे संघ से वापस भी ले लिए. श्री राठौर का दावा है कि रजिस्ट्रेशन के वक्त करीब 800 सदस्यों ने रजिस्ट्रेशन कराया था और कोरोना के वक्त बड़ी संख्या में सदस्यों ने अपने पैसे वापस ले लिए. हालांकि संघ में करीब 200-300 एक्टिव मेंबर मौजूद होने की बात कही जा रही है.

## एक नजर

### परिवार के साथ जहर खाकर खुदकुशी



**भिलाई, 30 दिसंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र लक्ष्मी पारा में 25 दिसंबर की रात को एक परिवार के मुखिया द्वारा स्वयं जहर खाने एवं पूरे परिवार को जहर खिलाने वाले मामले में दो लोगों की मौत के बाद पुलिस अब मृतक हेमलाल वर्मा की पत्नी के अस्पताल से वापस घर लौटने का इंतजार कर रही है मृतक की पत्नी जान्हवी वर्मा से पूछताछ के बाद जहर खाने वाले मामले मे कारण सामने आने की संभावना है 25 दिसंबर की रात को भिलाई नगर निगम में पंप ऑपरेटर के रूप में कार्यरत ठेका कर्मी हेमलाल वर्मा ने कोरोना से बचने की आयुर्वेदिक दवा बताकर स्वयं जहर का सेवन किया और अपनी पत्नी जान्हवी वर्मा बड़ी बेटी प्रिया तथा मंझली बेटी मुस्कान को भी जहर दे दिया था। रात को परिवार वालों एवं पड़ोसियों ने तुरंत अस्पताल ले जाकर चारों को इलाज के लिए भर्ती किया था जहां पर देर रात में ही हेमलाल वर्मा ने दम तोड़ दिया था वहीं दोपहर में प्रिया वर्मा ने अंतिम सांस ली थी मृतक हेमलाल वर्मा की पत्नी जान्हवी वर्मा एवं मुस्कान अस्पताल में भर्ती हैं पुलिस ने बताया कि अस्पताल में जान्हवी एवं मुस्कान की स्थिति धीरे-धीरे नॉर्मल हो रही है उनके डिस्चार्ज होकर घर आने के बाद जान्हवी से पूछताछ की जाएगी इसके बाद ही मृतक हेमलाल वर्मा द्वारा जहर खिलाए जाने का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### बाइक सवार की मौके पर मौत

**भिलाई,30 दिसंबर ।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने बाइक सवार को चपेट में लिया। घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि ड्रीम सिटी लक्ष्मीनगर निवासी जितेन्द्र कुमार पटेल अपनी बाइक सीजी 07 बीएफ 5998 से ड्यूटी गया हुआ था दोपहर को बाइक से लंच पर खाना खाने घर आ रहा था। इस दौरान सिरसा गेट अंडरब्रिज से तेज रफ्तार में ट्रक सीजी 04 एमडी 1199 चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को ठोकर मार दी घटना में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई ठोकर मारने के बाद ट्रक लेकर चालक फरार हो गया सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने चालक को ट्रक समेत पकड़ लिया मृतक जितेन्द्र बीएमवाय चरोदा के लोको शेड में कार्यरत था उनकी पत्नी आकांक्षा अग्रवाल पाटन में सहायक शिक्षा विकासखंड अधिकारी पद पर पदस्थ है जितेन्द्र के दो बच्चे है घटना की जानकारी लगने पर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है ट्रक ओवर लोड था जिसमें चावल की बोरी लदी होने की जानकारी मिली है ट्रैफिक से बचने के लिए ट्रक चालक अंडरब्रिज से लेकर जा रहा था अंडरब्रिज में जहां पर हादसा हुआ है अक्सर भारी वाहनों का दबाव ज्यादा रहता है। दो पहिया वाहन चालकों को आने जाने में दिक्कत हुआ करती है रेलवे कर्मी के साथ भी हुए हादसे में लापरवाहा सामने आई है पुलिस ने जब्त किया ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज घटना स्थल के पास रहता है भारी वाहनों का दबाव ।

### महादेव एप मामले में भीम सिंह के मकान में नोटिस चस्पा



**भिलाई,30 दिसंबर ।** भिलाई महादेव ऐप घोटाला में गिरफ्तार आरक्षक भीम सिंह यादव की पत्नी प्रीती यादव को समन देने उसके घर ईडी की टीम शुक्रवार को पहुंची थी। उसके घर में ताला लगा मिला ईडी की टीम ने करीब एक घंटे तक इंतजार किया जब कोई नहीं आया तो मकान में नोटिस चस्पा कर लौट गई बता दे कि इंडी की टीम ने हाउसिंग बोर्ड में किराए पर रहने वाले चालक आसीम दास के घर पर दबिश दी थी जहां करीब 5 करोड़ रुपए नकद मिले थे उससे पूछताछ के बाद आरक्षक भीम सिंह यादव को ईडी ने रायपुर दफ्तर बुलाया। ईडी की टीम ने पूछताछ की इसके बाद चालान प्रस्तुत कर जेल भेज दिया इस पूछताछ में ईडी को पता चला कि आरक्षक भीम सिंह यादव की पत्नी प्रीती दादव के बैंक खाते लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। उसी ट्रांजेक्शन के संबंध में ईडी उसकी पत्नी को समन देने आई थी।

लेकिन ईडी की टीम के आने की भनक उसे परिवार को लग गई थी यह घर में ताला लगाकर गायब हो गई दीपक नेपाली से ईडी कर सकती है पूछताछ इधर, महादेव ऐप का मोस्ट वांटेड आरोपी दीपक कुमार सिंह नेपाली को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ईडी लगातार महादेव ऐप के संबंध में जांच कर रही है अब ईडी की टीम दीपक नेपाली से पूछताछ करेगी नेपाली को तीन दिन पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# सीएम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार की शुरुवात :विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 30 दिसंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का ग्राम उसरवाही में ग्रामीणों द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। फूल मालाओं और फटाखा फोड़कर स्वागत किया गया। लोक पारम्परिक राउत नाचा के नर्तक दलों द्वारा उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

जुलूस में साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पैदल मंच तक पहुँचे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उसरवाही में किसानों की तारीफ और माताओ द्वारा बनाये जाने वाला गोभी की सब्जी की तारीफ की। उन्होंने के कहा कि यहां की स्वादिष्ट गोभी की सब्जी की महक और तारीफ रायपुर तक चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार की शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि देश के तत्कालिक प्रधामनंत्री एवं भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ का नयाकर छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान दिया है। आज हम अपने घरों में छत्तीसगढ़ का पता दे रहे है उनके जनक राज्य निर्माता स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जी कारण ही सम्भव हो सका है। उन्होंने कहा कि हमने ही छत्तीसगढ़ को बनाया है और हम ही छत्तीसगढ़ को सवारने का काम राज्य के मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों की मांग पर खेती-किसानी के लिए सिचाई की उपलब्धता सुनिशित करने के लिए हर संभव पूरा करने का भरोसा दिलाया है।उपमुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओ और ग्रामीणों की मांग पर ग्राम उसरवाही में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 15 लाख रुपए स्टेडियम बनाने की स्वीकृति देने की घोषणा की। बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जिला महामंत्री संतोष पटेल , अनिल ठाकुर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय पंच-सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन महिलाएं, किसान और युवाजन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री की घोषणा से किसान खुश

**दुर्ग, 30 दिसम्बर ।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षो का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान ऑनलाइन बैंक खाते में ट्रांसफर किया गया।दो साल की बोनस राशि मिलने से किसानों में खुशी की लहर आ गई है। किसानों ने जिस राशि की कभी उम्मीद नही की थी उस राशि को अपने खाते में देखकर एक नई उम्मीद जगी और अपने सपनों को साकार होता देख रहे हैं।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का वनांचल ग्राम खारा और निवासपुर में ऐतिहासिक स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 30 दिसंबर।** कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में पहली दौरे पर पहुचे उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का ग्राम खारा और निवासपुर में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। वनांचल के युवाओं ने उपमुख्यमंत्री के काफिले के सामने मोटरसाइकिल रैली निकाल निकाली गई। रैली के साथ उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा निवासपुर पहुचे। गांव की महिलाओं ने पुष्प ताली से उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया और तिलक लगाकर अभिनंदन किया। गांव के युवाओं, जवानों, किसानों एवं ग्रामीणों ने भी स्वागत किया। इसके बाद उपमुख्य मंत्री श्री निवासपुर में सभा ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारन्टी को पूरा कर रही हैछत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृत दी। हमारी सरकार मोदी की सभी गारेंटी को पूरा करेगी,यह हम पूरे विश्वास के साथ बो ल रहे है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर मंच निर्माण निवासपुर में 4 लाख मंच निर्माण की घोषणा कीकिसानों की मांग पर निवासपुर में आने वाले में साल धान खरीदी खोलने की घोषणा की। ग्रामीणों की मांग पर निवासपुर में हैंडपम्प खनन करने के निर्देश दिए।उपमुख्यमंत्री शर्मा ने निवासपुर में किसानों की मांग पर खेतों तक बिजली विस्तार की मांगों को निराकरण करने के लिए बिजली विभाग को निवासपुर में शिविर लाने के निर्देश दिए।मितानिनों ने पिछले 4 माह का मानदेय नही मिलने की शिकायत की, डिप्टी सीएम ने कलेक्टर को मानदेय संबधित समस्या का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक शामिल हो रहे है।

### नेहरू आर्ट गैलरी में दिव्यांग बच्चों की पेंटिंग्स प्रदर्शनी उद्घाटित

**भिलाई, 30 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स के चयनित चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन 28 से 29 दिसम्बर के मध्य किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 28 दिसम्बर को संध्याकाल मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सुष्मिता डे द्वारा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप-प्रज्वलन कर किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती सुष्मिता डे ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रतिभावान बच्चों की प्रशंसनीय, सुंदर नवोन्मेषी पेंटिंग्स का साक्ष्य है। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन के लिए जनसम्पर्क विभाग की सराहना की।

### सेल ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन किया हासिल



भिलाई, 30 दिसंबर। देश की महारत्न सार्वजनिक उपक्रम, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसे ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट (भारत) द्वारा दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया है। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन एक वैश्विक मान्यता है, जो एक सम्मानित और लोकप्रिय नियोक्ता होने की सेल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह मान्यता सेल द्वारा कार्यस्थल पर विश्वास, सहयोग और कार्मिकों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर लगातार फोकस का प्रमाण है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट एक नामी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के जरिये उत्कृष्ट कार्मिक अनुभव का माहौल बनाने वाले नियोक्ताओं को मान्यता देता है। सेल ने ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए गहन सर्वेक्षण के बाद प्रमाणन हासिल किया है, जो सेल के कार्मिकों के सीधे फीडबैक पर आधारित है। सेल ने लगातार विभिन्न कार्मिक-केंद्रित पहलों को लागू किया है, जो कार्मिक अनुभव को बढ़ाने और एक सहायक और सहयोगात्मक कार्य माहौल को विकसित करने पर केंद्रित हैं। इन प्रयासों ने सेल को एक ऐसा कार्यस्थल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जहां कार्मिक खुद को मूल्यवान, सम्मानित और प्रेरित महसूस करते हैं। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल को ग्रेट प्लेस टू वर्क के प्रमाणित संगठन के रूप में मान्यता एक खुशहाल कार्यस्थल बनाने के हमारे प्रयासों की पुष्टि है, जो स्वामित्व और बेहतर उत्पादकता को प्रोत्साहित करती है। हालांकि यह एक निरंतर प्रयास है और इस दिशा में कई अन्य कार्य योजना बनाई जा रही हैं। यह मान्यता सेल को एक जिम्मेदार और पसंदीदा नियोक्ता के रूप में स्थापित करती है।

### ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट बीमा स्कीम हेतु विकल्प जारी

भिलाई, 30 दिसंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र, स्टील इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रति वर्ष (01 मार्च से 28-29 फरवरी) तक सभी सदस्य कार्मिकों के लिए ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इन्शुरेन्स स्कीम का संचालन किया जाता है। इसके तहत किसी दुर्घटना में मृत कर्मचारी के आश्रितों को, सम्बंधित बीमा कंपनी के द्वारा पॉलिसी के नियमों और शर्तों के अंतर्गत पात्रता होने पर पचास लाख रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। इसके लिए प्रति वर्ष किसी प्रतिष्ठित बीमा कंपनी को पोलिसी संचालन का कार्य प्रदान किया जाता है। तदनुसार देय प्रीमियम राशि का भुगतान, सदस्य कार्मिकों के वेतन से सामूहिक कटौती करने के बाद किया जाता है। पिछले वर्ष प्राप्त फीडबैक के आधार पर शासी समिति, सेवा के द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित पॉलिसी के पूर्व, सदस्य कार्मिकों की सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है। अतः, जो सदस्य कार्मिक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, वे 06 जनवरी 2024 तक ई-सहयोग पोर्टल पर जाकर ÷नहीं÷ विकल्प पर क्लिक करें 7 ई-सहयोग पोर्टल पर यह विकल्प ना भरने वाले कार्मिकों के सन्दर्भ में यह मान्य होगा कि वे इस योजना में शामिल होने हेतु इच्छुक हैं। उल्लेखनीय है कि असहमति के विकल्पों की प्राप्त संख्या के आधार पर इस योजना में शामिल होने के इच्छुक कार्मिकों की देय प्रीमियम राशि में वृद्धि या/और प्राप्य मुआवजा राशि में कमी आ सकती है।

# भाजपा सोशल मीडिया, आईटी सेल की कार्यशाला कवर्धा में संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 30 दिसंबर।** चुनावों की तैयारी तेज करते हुए भाजपा अब अपने सभी विंग को प्रशिक्षित कर जमीन पर सक्रिय करने में लग गई है. इस कड़ी में भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें जिले के सभी मंडलों से सोशल मीडिया और आईटी सेल के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यशाला में मार्गदर्शन हेतु सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सोमेश पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवम मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा, वरिष्ठ मार्गदर्शक हरीश लूनिया, राजेंद्र चंद्रवंशी, सोशल मीडिया जिला संयोजक योगेश ठाकरे, आईटी सेल जिला सहसंयोजक सतराम साहू मौजूद रहे.सांसद संतोष पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज चुनावी युद्ध में सोशल मीडिया हमारी प्रमुख सेना है. और इसके सकारात्मक उपयोग से आने वाले वुनाव में 400 से ज्यादा सीटों का लक्ष्य जरूर प्राप्त करेंगे.सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सोमेश पांडे ने सेल की संगठनात्मक संरचना पर विस्तार से अपनी बातें रखीं. उन्होंने विधानसभा चुनावों में जिले में सोशल मीडिया के बेहद प्रभावी प्रदर्शन पर बधाई भी दी.कवर्धा जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवम मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा ने कार्यकर्ताओं से अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बन जाने के बाद अब हम कार्यकर्ताओं की भूमिका बदल गौ है. इससे पहले हम कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया के माध्यम से जबरदस्त आंदोलन छेड़े हुए थे, वहीं अब हमें अपनी इस सक्रियता को अपनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में लगाना है.वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने ने भी आपातकाल के समय को याद करते हुए कार्यकर्ताओं के साहस की तारीफ की और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर प्रकार के दबाव को सहते हुए हिम्मत से लड़ाई लड़ने में सक्षम है. इसी के फलस्वरूप विधानसभा चुनाव में पार्टी को शानदार सफलता प्राप्त हुई है.कार्यशाला को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनी राम साहू ने भी संबोधित किया। जिला स्तरीय इस कार्यशाला में मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ,कार्यलय प्रभारी पन्ना चंद्रवंशी,जिला सह संयोजक दुर्गेश श्रीवास ,लाला कौशिक , अभिषेक शर्मा ,राजेश दिवाकर, केशव जैशवाल,कुलेश्वर मानिकपुरी,मूलचंद साहू,राजू साहू,प्रवीण ठाकुर,कार्तिक सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

### भिलाई-चरौदा महापौर परिषद की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**भिलाई, 30 दिसंबर।** भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में शुक्रवार को तय कार्यक्रम अनुसार महापौर परिषद की बैठक संपन्न हुयी। विधानसभा चुनावों के पश्चात भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में



महापौर परिषद की यह पहली बैठक रही। इस बैठक में निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में पेयजल व्यवस्था, नये शौचालयों का निर्माण, शौचालयों का संधारण सहित आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति वार्ड-11, बस स्टैण्ड भिलाई-03 संबंधित विषयों पर चर्चा हुयी। महापौर निर्मल कोसरे सहित बैठक में महापौर परिषद के सभी सदस्य उपस्थित हुए। जिनमें श्रीमती संतोषी निषाद, श्रीमती दीप्ति आशीष वर्मा, श्रीमती देवकुमारी भलावी, मोहन साहू, मनोज कुमार, एम. जॉनी, वेंकट रमना, ईश्वर साहू शामिल रहे। निगम के कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन एवं निगम सचिव अश्विनी चन्द्राकर द्वारा बैठक के विषयों की एक-एक कर परिषद सदस्यों के समक्ष जानकारी प्रस्तुत की गयी । सचिवालय लिपिक लिंगेश्वर राव एवं जनसंपर्क विभाग से विकास त्रिपाठी बैठक में मौजूद रहे।

### पुलिस ने होटल मालिकों की ली बैठक

**भिलाई,30 दिसंबर।** भिलाई नव वर्ष में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस सजग हो गई है। 31 दिसंबर को लेकर पुलिस ने शहर के होटल मालिकों के साथ बैठक आयोजित की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि शहर की कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आयोजन रात 12 बजे की समयावधि के भीतर होने चाहिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) अभिषेक झा ने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार ही आतिशबाजी करने के निर्देश दिएष साथ ही हाई कोर्ट के कोलाहल के संबंध में दिए निर्देशों का पालन करने व हुड़दंग करने वाले तत्वों पर नजर रखने और तुरंत कठोर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। किसी भी गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल पुलिस कार्रवाई होगी ऐसे होटल, रेस्तरां जिनमें बड़े स्तर का आयोजन व बाहरी कलाकार शामिल हों, उन्हें निश्चित मापदंडों के तहत ही अनुमति दी जाएगी करना होगा इन नियमों का पालन होटल, रेस्तरां, बार, और ढाबे निश्चित समयावधि के भीतर बंद किए जाने चाहिए पार्किंग का सुविधाजनक इंतजाम होना चाहिए संस्थानों के बाहर या चार पहिए वाहन के अंदर शराब का सेवन ना कराया जाए आयोजनकर्ता क्षमता से अधिक पास. न जारी करें कार्यक्रम के दौरान नशीला पदार्थ जैसे हुक्का, गांजा अन्य नशीली पदार्थ पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उनका लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा

# युवक-युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 दिसंबर।** भिलाई मचांदुर पुलिस चौकी क्षेत्र में युवक और युवती ने फांसी लगाकर एक साथ खुदकुशी कर ली। दोनो का शव पेड़ पर लटका मिला है। कोटवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं खुदकुशी के कारण का पता लगाने पुलिस के द्वारा मृतकों के परिजन और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

घटना दुर्ग के मचांदुर चौकी क्षेत्र की है। यहां के खोपली काशीडीह खार गांव के कोटवार ने पेड़ से लटकी एक युवक और युवती का शव देखा। दोनों एक लाल रंग की नाइलोन रस्सी के सहारे पेड़ से फांसी लगाई थी। कोटवार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग के मरच्यूरी भेज दिया।

एएसपी सिटी अभिषेक झा ने बताया कि मृतकों की पहचान कोसल विश्वकर्मा और मीनाक्षी यादव के रूप में हुई है। दोनों ग्राम स्टेशन मरौदा के रहने वाले थे। उन्होंने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसके लिए पुलिस उनके परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।बताया जा रहा है कि मृतक कोसल और मीनाक्षी दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे। मीनाक्षी शादीशुदा और दो बच्चों की मां थी। वहीं कोसल कुंआरा था। कोसल टाइल्स का काम करता था। मीनाक्षी भी कई बार उसके साथ काम पर जाती थी। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां हुईं। जब वो एक दूसरे से शादी नहीं कर पाए तो अपने घर से 10-12 किलोमीटर दूर खोपली गांव पहुंचे और वहां फांसी पर झूल गए।

#### मायके में रह रही थी मीनाक्षी

बताया जा रहा है कि मीनाक्षी यादव शादी शुदा थी। लेकिन उसका पति के साथ ठीक ठाक संबंध नहीं था। आए दिन दोनों के बीच झगड़ा होता था। कुछ दिन पहले भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ और पति ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद वो अपने मायके स्टेशन मरोदा रहने चली आ गई थी। इसी दौरान मीनाक्षी कभी कभी कोसल के साथ टाइल्स लगाने के काम में जाती थी।

### कोविड-19 के नियंत्रण के लिए बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

**भिलाई, 30 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नया रायपुर द्वारा जारी निर्देश के संदर्भ में कोविड-19 के संक्रमण की संभावनाओ को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयुक्त रोहित व्यास एवं कोरोना महामारी नियंत्रण दुर्ग के नोडल अधिकारी डॉ. सी.बी.एस बंजारे ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि देश के अन्य राज्यों में कोविड-19 के बढ़ते प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोविड-19 के रोकथाम एवं प्रबंधन किये जाने हेतु संक्रमण की



त्वरित पहचान, जॉच एवं उपचार किया जाना आवश्यक हैं जिले की स्वास्थ्य संस्थाओ की ओ.पी.डी. में सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षणों के साथ आने वाले रोगी एवं एसएआरआई के भर्ती मरीजों का शत-प्रतिशत कोविड जॉच अनिवार्य रूप से किया जाना है। संक्रमण की संभावना वाले व्यक्ति का आरटीपीसीआर विधि से जॉच किया जाना होगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलो को निर्देशित किया है कि वर्तमान में भारत के कुछ राज्यो में कोविड संक्रमण में वृद्धि दर पायी गई है, यघपि कोविड-19 को संक्रमण नियंत्रण में है, परन्तु कोविड-19 का विषाणु के संक्रमण के प्रसार पर निगरानी रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगामी नववर्ष एवं त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कोविड गाइडलाइन के अनुसार दो गज दूरी, मास्क की अनिवार्यता जैसे नियमों का पालन नागरिकों से करवाना होगा। जिले के प्रत्येक शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में कोविड-19 के क्रियाशीलता दवाओ की उपलब्धता एवं अन्य तैयारियो की आकलन के लिए मॉकड्रिल किया जायेगा। दुर्ग जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय, सुपेला अस्पताल आदि स्थानों पर कोविड-19 के जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में भिलाई क्षेत्र के नोडल डॉ, पियान सिंह, सीपीएम तुषार वर्मा, रितिका सोनवानी के साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं निगम क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालो के कर्मचारी उपस्थित थे। निगम द्वारा वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर के आदर्श नगर बीएसपी पानी टंकी हनुमान मंदिर के आस-पास सोडियम हाईपोक्लोराईड का छिड़काव स्प्रे के माध्यम से किया गया है एवं नालीयों की सफाई कर चुना, ब्लीचिंग का छिड़काव भी किया गया है।

## एक नजर

### पण्डित रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि 31 को

**रायपुर 30 दिसंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर एवं संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री आकाश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राजधानी शहर के कलेक्टोरेट परिसर में स्थित रायपुर नगर पालिक निगम के पण्डित रविशंकर शुक्ल उद्यान के प्रांगण में स्थित अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पण्डित रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के सामने उनकी पुण्यतिथि दिनांक 31 दिसम्बर 2023 रविवार को सुबह 10:30 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पण्डित रविशंकर शुक्ल से संबंधित प्रतिमा स्थल में नियत दिवस को प्रतिमा स्थल का संधारण और प्रतिमा सहित उसके आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई, प्रतिमा की पुष्प सज्जा सहित आवश्यकता के अनुसार पेयजल की व्यवस्था रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग द्वारा नगर निगम के सम्बंधित जोन क्रमांक 4 के सहयोग से की जायेगी।

### 50 से अधिक चॉइस सेंटर संचालकों को माड्यूल का प्रशिक्षण दिया गया

**रायपुर 30 दिसंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के राजस्व विभाग द्वारा राजधानी शहर रायपुर के सभी 70 वार्डों के सम्पति करदाताओं को प्रत्येक वार्ड में चॉइस सेंटर के माध्यम से सम्पतिकर के सहजता एवं सरलता से घर के समीप ही भुगतान करने की जनसुविधा शीघ्र उपलब्ध करवाने की तैयारी की जा रही है. छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचार संहिता की समाप्ति के पश्चात आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अपर आयुक्त श्री अभिषेक अग्रवाल एवं उपायुक्त राजस्व डॉक्टर आर. के. डोंगरे सहित सभी जोनों के सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आईटी विशेषज्ञ श्री रंजीत रंजन ने रायपुर शहर के 50 से अधिक चॉइस सेंटर के संचालकों को सम्पतिकर संग्रहण की प्रक्रियाओं से इस हेतु तैयार किये गये माडयूल का प्रशिक्षण देकर अवगत करवाया। उन्हें चॉइस सेंटर में आने वाले सम्पति करदाता नागरिक से सम्पति कर संग्रहण का कार्य करने नगर पालिक निगम रायपुर की ऑनलाइन कर भुगतान प्रणाली से सम्बंधित करदाता नागरिक का आईडी सर्च करने एवं सम्बंधित करदाता नागरिक को लगने वाले सम्पतिकर की राशि की जानकारी सर्च कर उससे करदाता नागरिक को अवगत कराने की प्रक्रियाओं से अवगत करवाया गया। करदाता नागरिक यदि चाहें, तो सम्पतिकर का नगद भुगतान भी चॉइस सेंटर के माध्यम से कर सकेंगे।ऐसे प्रकरण आने पर नगद लेकर चॉइस सेंटर संचालक द्वारा डिजिटल पेमेंट नगर निगम की प्रणाली में कर दिया जायेगा, कर भुगतान होते ही उसकी रसीद सिस्टम से जनरेट हो जायेगी, जिसको प्रिंट कर उसके तुरन्त पश्चात चॉइस सेंटर संचालक द्वारा सम्बंधित करदाता नागरिक को अपनी सील लगाकर एवं साइन करके दे दिया जायेगा। डिजिटल पेमेंट सिस्टम में आने वाले सभी माध्यमों से शहर का कोई भी सम्पति कर दाता नागरिक चॉइस सेंटर के माध्यम से अपना सम्पतिकर का सरलता एवं सहजता से भुगतान कर सकेगा।


### भूपेश सरकार के झूठे दावों की सजा प्रदेश की जनता ने विस चुनाव में दी: केदार गुप्ता

**रायपुर 30 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने राजधानी के चंगोराभाठा में एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या के मामले में गहन दुःख व्यक्त करते हुए सामूहिक आत्महत्या के पीछे आर्थिक तंगी के हुए खुलासे पर हैरानी जताते हुए इसे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के झूठ और धत्कर्मों की दुःखद परिणति बताया है। उन्होंने कहा कि मृतक लखनलाल सेन ने 10 महीने पहले अपनी तीन बेटियों में से दो बेटियों की शादी की थी। मृतक परिवार को तत्कालिक सरकार की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली। अगर उन्हें तत्कालिक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की मदद मिल जाती तो उन्हें आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना और और ना ही इस प्रकार की हृदय विदारक घटना घटित होती।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि पुलिस ने मृतक परिवार के घर से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। पुलिस आधिकारिक तौर पर इस मामले में कुछ कहने से बच रही है, लेकिन भरोसेमंद सूत्रों ने इस नोट के मिलने और उसमें आर्थिक तंगी के चलते सामूहिक आत्महत्या करने की बात होने का दावा किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि टिकरापारा पुलिस मामले की जाँच करके तथ्यों का खुलासा करेगी, लेकिन अहम सवाल यह है कि यह परिवार क्या पिछले 15-20 दिनों में ही आर्थिक तंगी का शिकार हुआ? जाहिर है, यह आर्थिक तंगी हालिया दिनों में तो कतई नहीं आई। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या कांग्रेसियों के उस झूठ, कुशासन और कुनीतियों का दर्पण है, जिसमें कांग्रेस शासनकाल की काली सच्चाइयों का प्रतिबिम्ब नजर आ रहा है। अब तो यह स्पष्ट हो गया है कि पाँच सालों तक प्रदेश को झूठ परोस-परोसकर अन्याय, आतंक और कुशासन की पराकाष्ठा करने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बेरोजगारी की दर के आंकड़े, मंदी का असर नहीं होने, लोगों की जेब में सीधे पैसे डालने के किए गए दावे पूरी तरह झूठे थे।

## निधन

### गंगा राम साहू

**राजनंदगांव 30 दिसंबर।** ग्राम टेडेसरा निवासी गंगा राम साहू( 68 वर्ष ) का 28 दिसम्बर को तकरीबन प्रातः 8:00 बजे दिन गुरुवार को हार्ट अटैक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 28 दिसम्बर दिन गुरुवार दोपहर 12:00 बजे उनके निज निवास स्थान ग्राम टेढ़ेसरा से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार ग्राम टेडेसरा में स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि भागवत साहू जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष के बड़े भाई थे।



# राज्य में अब तक 63.22 लाख टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी

- 13 लाख 34 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान
- मिलर्स से तेजी से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने के निर्देश

**रायपुर,30 दिसंबर।** राज्य में एक नवम्बर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी अनवरत् रूप से जारी है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2024 जारी रहेगा। राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 34 हजार 119 किसानों से 63 लाख 22 हजार 32 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 14 हजार 33 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

राज्य में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। अब तक 51 लाख 24 हजार 619 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 38 लाख 57 हजार 479 टन धान का उठाव किया गया है। खाद्य विभाग के सचिव ने मिलर्स को तेजी से धान का उठाव करने के साथ ही कस्टम मिलिंग का चावल नियमित रूप से जमा कराने को निर्देश दिए गए हैं। कस्टम मिलिंग का चावल फिलहाल नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा लिया जा रहा है। 01 जनवरी से एफसीआई में भी सेंट्रल पूल का चावल जमा होने लगेगा। मिलर्स को बीते वर्ष के कस्टम मिलिंग के शेष चावल की मात्रा को भी शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।



### रबी फसलों के बीमा के लिए 1 जनवरी तक आवेदन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 हेतु फसलों का बीमा कराने के लिए किसान अब 01 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा आज जारी आदेश के तहत उक्त दोनों बीमा योजनाओं के अंतर्गत रबी फसलों का बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित थी, किन्तु 31 दिसम्बर को सार्वजनिक अवकाश रविवार होने के कारण बीमा हेतु आवेदन करने की तिथि को एक दिन बढ़ाकर 01 जनवरी 2024 कर दिया गया है।

# विभिन्न विभागों के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण करें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों से संबंधित लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विद्युत यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड, आदिम जाति कल्याण विभाग, नगरीय निकाय सहित अन्य निर्माण विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह विभिन्न विभागों में कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीकृत प्रगतिरत निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर श्री सिंह ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सहित अन्य निर्माण संबंधी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर सतत निगरानी रखते हुए निर्माण कार्यों को पूर्ण करने कहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता सहित निर्माण से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रीनआर्मी पुरानी बस्ती जोन का शपथ ग्रहण सम्पन्न

**रायपुर 30 दिसंबर।** ग्रीनआर्मी पुरानी बस्ती जोन का शपथ ग्रहण आज वृन्दावन हाल सिविल लाइन रायपुर में समपन्न हुआ। जोन प्राभारी योगेश यदु ने बताया कि रायपुर शहर में ग्रीनआर्मी संस्था 15 जोन बनाकर कार्य कर रही है सभी जोन में पदाधिकारियों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हो चुका है इसलिये नवनिर्वाचीत पदाधिकारियों एवँ सदस्यों को संस्था के नियमानुसार पर्यावरण संरक्षण संवर्धन हेतु शपथ दिलाकर एवं संकल्पित कर जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसी कड़ी में आज पुरानी बस्ती जोन द्वारा शपथ ग्रहण का आयोजन वृन्दावन हॉल में किया गया जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवँ सदस्यों ने शपथग्रहण लेते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्पित हुए। इस अवसर पर पुरानी बस्ती जोन पदाधिकारीयों में डॉ हितेश दिवान जी श्रीमती सुमन दिवान जी, श्रीमती अनिता सकार जी श्री योगेश यदु जी, अंशु गुप्ता निलम अग्रवाल नेहा यदु दुर्गा जैन, किशनदीप पवन सरवैया विश्वनाथ सिंग भदोरिया मन साहू रामकृष्ण साहू चेतन पटेल शशीकांत यदु एवं अन्य सदस्यों ने शपथ लेते हुए वचन बद्धता दोहराई । इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान कर किया गया। वर्तमान संस्था अध्यक्ष श्री गुरदीप टूटेजा जी ने कहा कि संगठित होकर लक्ष्य प्राप्ति ओर बड़े समस्या नही समाधान पर विचार करे हमारी इंडियन आर्मी देश की सेवा कर रही वैसे ही ग्रीनआर्मी पर्यावरण संरक्षण कर देश की सेवा कर रही है। पूर्व अध्यक्ष श्री मोहन वल्यानी जी वर्ष 2024 में हसदेव जंगल को बचाना हमारा उद्देश्य होना चहिए। मीडिया प्राभारी शशिकान्त यदु जी बेहतर का तलाश न करे जो आपके साथ जुड़े है उन्हें बेहतर बनाने का प्रयाश करे बेहतर अगर विकल्प है तो आप और हम स्वयं विकल्प है मीडिया का उपयोग सावधानी से करे बड़ो को रिस्पेक्ट और छोटो को मोटीवेट करें। डॉ श्री हितेश दीवान जी क्वांटिटी नही क्वालिटी पर कार्य करना है धार्मिक स्थलों पर कम ही सही पर छायादार एवँ फूलदार पौधों का रोपण किया जाए।टाटीबंध जोन अध्यक्ष श्री पी के तिवारी जी वक्त किसी के पास नही और वक्त सभी के पास भी है उसी वक्त में हमे पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना है अगर हमें जिम्मेदारी दी गयी है तो कोई आय न आय हमे आना चाहिए। डॉ मधुलिका अग्रवाल जी पूर्व डीन रविशंकर विश्वविद्यालय एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य डिग्री कन्या महाविद्यालय हम स्कूल में पर्यावरण का विषय पढ़ाते है अगर इसे ही अमल में लाया जाये तो काफी होगा। पॉलीथिन के रोकथाम हेतु खुदरा व्यापारी के स्थान पर उत्पादक पर लगाम के कसने की आवश्यकता है।

## नव वर्ष सेलीब्रेशन, शहर में सुरक्षा के किये गये पुख्ता इंतजाम

**राजनांदागांव 30 दिसंबर।** नये वर्ष 2024 के पूर्व एवं आगमन के पश्चात सुबह तक नागरिकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष मनाया जावेगा। इस दौरान नगर में एवं महत्वपूर्ण चौराहों, होटलों, रेस्टोरेंट तथा सार्वजनिक/सामाजिक भवनों में नववर्ष के आगमन की स्वागत में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जावेगे तथा रात्रि में नगर में भीड का माहौल रहेगा जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में राजनांदगांव पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने व असामाजिक तत्वों एवं शराबियों द्वारा अपराधिक घटनाएं करने, तेज वाहन चलाने, छेडछाड़ एवं मारपीट, जैसी घटनाएं घटित ना हो, को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव शहर, डोंगरगढ़ मंदिर, सोमनी, डोंगरगांव थाना क्षेत्रों में 250 से अधिक अतिरिक्त पुलिस बल व्यवस्था लगाई गई है। राजनांदगांव शहर के सम्पूर्ण व्यवस्था प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल एवं यातायात प्रभारी डी.एस.पी. श्री हेमप्रकाश नायक रहेंगे। डोंगरगढ़ के सम्पूर्ण प्रभारी एस.डी.ओ.पी. श्री आशीष कुंजाम रहेंगे और डोंगरगांव के सम्पूर्ण प्रभारी डी.एस.पी. श्री दिलीप सिसोदिया रहेंगे। इस दौरान राजनांदगांव शहर के कोतवाली, बसंतपुर, चिखली, लालबाग, सोमनी थाना क्षेत्र एवं डोंगरगांव थाना क्षेत्र, तथा डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र व मॉ बमलेश्वरी नीचे एवं उपर मंदिर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु विभिन्नय आयोजन स्थलों व चौक चौराहों में 45 फिक्स पिकेटस एवं 12 वाहन पेट्रोलिंग बल तैनात किये गये है जिसमें राजपत्रित अधिकारियों सहित निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक ड्यूटी करेंगे, इवेन्ट स्थलों में आयोजकों को पर्याप्त रौशनी एवं सी.सी.टी.व्ही. लगाने को कहा गया।

## समाचार संक्षेप

### वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंकलाईन बेंच खेल में राजनांदगांव के आरक्षक पटेल को कांस्य पदक



**राजनांदगांव 30 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा आरक्षक सितलेश पटेल को हैदराबाद के लालबहादुर स्टेडियम में आयोजित 10वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंकलाईन बेंच खेल में तृतीय स्थान प्राप्त कर 02 कांस्य पदक प्राप्त करने पर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दिये। इस प्रतियोगिता में विश्व के अनेक देशों के करीब 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, श्री सितलेश पटेल द्वारा 76 किलो वजन वर्ग में इंकलाईन बेंच और स्ट्रेंथ लिफ्टिंग खेलते हुए 500 किलो वजन उठाकर 02 कांस्य पदक हासिल किये हैं जो छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ राज्य को गौरान्वित किया है। राजनांदगांव पुलिस के लिए यह अत्यंत हर्ष का छण है।

### भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव ने किया वीर बाल दिवस सम्मान समारोह का आयोजन



**राजनांदगांव 30 दिसंबर।** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 26 दिसम्बर 2023 को वीर बाल दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के खिलाड़ियों के अतिरिक्त अन्य खिलाड़ियों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों के नाम हैः-

कुमार शिबु, अथर्व प्रताप सिंह, कालवा सर्वज्ञ राव, अभिषेक यादव, हिमांशु मलिक, नंदिनी प्रधान, अंकिता गुप्ता, अंजनी, मौली मंडावी, एवं सिमरन डोंगरी।

इस अवसर पर इन खिलाड़ियों का पंजीकरण माई भारत खेलो इंड़िया वेब पोर्टल पर भी किया गया। इन खिलाड़ियों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित करने के पश्चात इन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव की सुविधाओं से भी अवगत कराया गया।

एवं इन खिलाड़ियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव के आवासीय योजना के खिलाड़ियों से भेंट कर उनसे उनकी खेल उपलब्धियों की जानकारी हासिल की एवं साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं स्टॉफके साथ लंच भी किया। कार्यक्रम के पुर्व में साई के खिलाड़ियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई।

उल्लेखनीय है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा विगत वर्ष गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में उनके साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फ्तेहसिंह जी द्वारा किये गये सर्वोच्च बलिदान को ध्यान में रखते हुए 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस आयोजित करने की घोषणा की थी।

यह आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा सभी नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस एवं उनके विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित कर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फ्तेह सिंह जी की धर्म की रक्षा के लिए किये गये सर्वोच्च बलिदान के लिए श्रद्धा से मनाया गया।

## आदिवासी बच्चों ने रैली निकाल शहर में खेलकूद का माहौल बनाया

**राजनांदगांव 30 दिसंबर।** छत्तीसगढ के 4730 गांव में वनवासी अंचलों में संचालित होने वाले एकल अभियान संभाग छत्तीसगढ़ अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वाधान में आगामी 29 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ संभाग के समस्त 15 अंचलों से खेल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का आगमन गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव में हुआ। आज शुक्रवार 29 दिसंबर को अभ्युदय यूथ क्लब खेलकूद समारोह के दौरान समय शाम 5 बजे से 7 बजे तक उपस्थित सभी प्रतिभागी तथा नगर के प्रतिष्ठित समिति पदाधिकारी के साथ नगर भ्रमणकर मार्च पास्ट का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें एकल अभियान के ग्रामीण क्षेत्र से बालक बालिकाएं राज्य स्तरीय खेल समारोह में भाग लेंगे, ऐसे कुल 15 अंचलों की प्रतिभागियों की संख्या 545 छात्राओं की होगी जिसमें बालक 300 और बालिकाएं 245 ऐसी कुल 545 बच्चों के साथ समिति का मार्च पास्ट बालाजी मंदिर गंज चौक से निकालकर हलवाई लाइन सिनेमा लाइन,मानव मंदिर चौक होते हुए गुरुद्वारा चौक से महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ। जहां पर हनुमान जी की आरती के पश्चात प्रसादी वितरण हुआ।

मार्च पास्ट के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख, भागचंद गिड़िया, निकुंज अग्रवाल, राजा मखीजा, सुरेश खंडेलवाल, त्रिगुण सदानी, दादूराम सोनकर,मूलचंद भंसाली रवि सिन्हा,राधेश्याम गुप्ता, देवशरण सेन,शेखर यादव,राजेश यादव , मातृशक्ति के रूप में सुषमा सुरजन,संध्या सिंघल,पूर्णिमा साहू, शुक्ला दीदी,रंजू उदय बावनकर सहित बड़ी संख्या में बहने उपस्थित थी।

अभ्युदय यूथ क्लब के संयोजक निकुंज अग्रवाल एवम सह सयोंजक राजा माखीजा ने बताया कि खेल समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री स्कूल केशव नगर में सुबह 10:30 बजे संपन्न होगा , जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रफुल्ल परमार एवम श्री सुशील कोठारी जी,संघ परिवार के तुलसीदास जी, संतोष अग्रवाल जी,एवम कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीआईजी राधेश्याम नायक जी करेंगे।

### केन्द्र शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामवासी, सुपोषण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत मोबाइल वैन पहुंचा ग्राम सांकरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 दिसम्बर ।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरा पहुंची। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। सुपोषण अभियान अंतर्गत हरी पत्तीदार सब्जियों का महत्व बताया गया। भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। पौष्टिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, सोहारी, सलोनी, भजिया, नारियल लड्डू, रेडी टू इट का हलवा स्टॉल में प्रदर्शित किया गया एवं आहार में सलाद लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सुपोषण कलश के माध्यम से पौष्टिक आहार लेने के लिए सभी को जागरूक किया गया। विभिन्न तरह की दाल को सजाकर सुपोषण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सांकरा को ओडीएफप्लस के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।




मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन हुआ। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में केन्द्र शासन की योजनाओं से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनसामान्य को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर केन्द्र शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। ग्रामवासियों को मिनी लैब द्वारा मिट्टी परीक्षण के संबंध में बताया गया। इसके अंतर्गत मिट्टी अम्लीय है अथवा क्षारीय यह इनकी जांच की जाती है तथा मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा का परीक्षण कर स्वाईल हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है, ताकि जमीन स्वस्थ रहे और जमीन की उर्वर क्षमता में वृद्धि हो। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत माताओं को परिवार में पहले जीवित बच्चे के लिए 5 हजार रूपए की राशि दो किस्तों में एवं द्वितीय संतान बालिका होने पर एक मुस्त 6 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाती है। लीड बैंक के प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशु चिकित्सा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनांतर्गत हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया गया।

कृषि विभाग के स्टॉल में मिनी लैब द्वारा मिट्टी परीक्षण किया गया। किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ एवं रबी की जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में शेडनेट हाऊस, राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को बताया गया। पशु पालन विभाग के स्टॉल में कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुओं की देखरेख के लिए बताया गया। उद्योग विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के संबंध में जानकारी दी गई। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। हृदय रोग की रोकथाम, स्वस्थ जीवन हेतु संतुलित आहार के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रवीना टंडन एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। श्रीमती पूर्णिमा निषाद ने बताया कि वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हैं और विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी है। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनकी बेटी को टीबी की बीमारी हो गई थी। आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज हुआ और वे दोनों स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे को भी टीबी की बीमारी हो गई है और वे उसका ईलाज करा रही है। श्री मुकेश राम साहू ने बताया कि स्वाईल हेल्थ कार्ड से वे लाभान्वित हुए हैं और उन्होंने अपने खेतों में मृदा का परीक्षण कराया है।

## संपादकीय

# इतनी पुरानी पार्टी और लोगों को भरोसा नहीं

कहा जाता है कि पुरानी दुकान भरोसे की होती है। जितनी पूरानी दुकान होती है, लोगों को उस पर उतना ही ज्यादा भरोसा होता है। जितना पुराना चावल होता है, लोग उसे खान के लिए अच्छा मानते हैं। जितनी पुरानी शराब होती है,उतना ही अच्छी मानी जाती है। पुराने लोग भी ज्याद भरोसे के माने जाते हैं। कहा जा सकता है कि पुराना अच्छा होता है। कांग्रेस पार्टी भी 138 साल पुरानी पार्टी हो गई है। कायदे से तो उसे भी अच्छा होना चाहिए। उस पर लोगों को दूसरी राजनीतिक पार्टियों की तुलना में देश के लोगों को ज्यादा भरोसा होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा नही है। देश की जनता आज उस पर पहले के समान भरोसा नहीं कर पा रही है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या वजह है कि जनता कां्ग्रेस पर पहले की तरह भरोसा नहीं कर पा रही है। उसे सत्ता नहीं सौंप रही है। कुछ तो कां्ग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में ऐसा किया है जिसे जनता पसंद नहीं करती है।कोई तो ऐसी बुराई आ गई हैं कांग्रेस में जिसे जनता अच्छा नहीं मानती है। कोई तो कमी है कंग्रेस में जिसे कांग्रेस नेतृत्व व कांग्रेस के नेता दूर नहीं कर पा रहे हैं्। सबसे पहली बात कांग्रेस का नेतृत्व जितना कमजोर है, पार्टी उससे भी ज्यादा कमजोर है। एक मजबूत नेता ही संगठन को मजबूत कर सकता है। एक मजबूत नेता ही पार्टी को चुनाव जिता सकता है। पार्टी चुनाव जीतती है तो नेता मजबूत होती है और पार्टी भी और मजबूत होती है। किसी पाटी की मजबूती के लिए पाटी का केंद्र व राज्यों में सत्ता मं रहना जरूरी है। पार्ट सत्ता में नहीं रहती है तो उसे फंड के लिए पैसा नहीं मिलता है। चुनाव लड़ने के लिए उसके पास पैसा नहीं होता है। उसे कांग्रेस की तरह जनता से पैसा मांगना पड़ता है। जनता से साथ भी मांगना पड़ता है। कां्ग्रेस के स्थापना दिवस पर राहुल गांधी को यही करना पड़ रहा है. उन्हें जनता से कहना पड़ रहा है.वह कांग्रेस का साथ दे। जनता तो पूछेगी ही कि वह कांग्रेस का साथ क्यों दे। क्या इसलिए दे कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि भाजपा देश को गुलाम बना रही है,जनता मान ले। आरएसएस व भाजपा संविधान विरोधी है,जनता मान ले।कांग्रेस को यह वहम नहीं होना चाहिए कि उसे जो लग रहा है वही सच है, वह कह रही है तो जनता भी उसे मान लेगी। हकीकत यह है कि जनता को भी तो लगना चाहिए कि भाजपा व आरएसएस देश को गुलाम बना रहे हैं। लोकतंत्र व संविधान विरोधी हैं। देश की जनता को ऐसा लग नहीं रहा है तो वह कांग्रस की बात पर कैसे भरोसा कर सकती है। कांग्रेस की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि उसे पता हीं नहीं है कि जनता क्यो सोच रही है,जनता क्यो चाह रही है। जनता को क्या पसंद है। वह उसके नेता जनता से कटे हुए है। इसलिए वह जनता के जुड़ नहीं पाते हैं. उन्हें हकीकत का पता नहीं चलता है। उसके नेता सत्ता में रहते हैं तो सोचते हैं कि राज्य में रामराज है, जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं है, जनता में किसी तरह की नाराजगी नहीं है। उन्हें तो यह भी पता नहीं रहता है कि पाटी के नेता नेतृत्व से कितने नाराज है। ऐसे में न पार्टी के नेता नेतृत्व का साथ देते है न ही जनता साथ देती है। पाटी चुनाव होर जाती है तो उसे हार प्रत्याशित लगती है। जीत व हार उसी को अप्रत्यशित लगती है जिसे जमीनी हकीकत का पता नहीं रहता है। वह खुद मुगालते में रहता है और पार्ट को भी मुगालते में रखता है। कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास रहा है। वह देश की सबसे मजबूत पार्टी थी, इसलिए लोग उस पर भरोसा करते थे। उसके पास मजबूत राजनीतिक नेतृत्व व राज्यों में मजबूत नेता हुआ करते थे।दोनो ही चुनाव में पार्टी को जिताया करते थे। उसकी नीतियां, उसकी योजनएं देश को मजबूत करने वाली होती थीं। वह देश की एकता अखंडता को मजबूत करने वाली पार्टी मानी जाती थी। जनता को लगता था कि कांग्रेस सत्ता में है तो देश सुरक्षित है। कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान भ्रष्टाचार व अहंकार से हुआ है। उसके नेताओं पर इतने भ्रष्टाचार के सबसे ज्यादा आरोप लगे हैं। वह सत्ता में रहती है तो उस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगना तय है। इससे आम धारणा बनी है कि कांग्रेस है तो भ्रष्टाचार होगा ही। यही बात जनता को पसंद नहीं आती है। कांग्रेस को यह सोचना होगा कि उसके बड़े नेता व राष्ट्रीय नेतृत्व पर तो ऐसा आरोप न लगे। जनता ईमानदार व बेदाग व मजबूत नेता चाहती है। जनता इस बात को भी पसंद नहीं करती है कोई अहंकार करे कि उसे ही सरकार चलाना आता है। वह सबसे अच्छा है। वही सबसे बेहतर है।

# वर्ष 2024 आपका तहेदिल से स्वागत है

प्रासंगिक

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि जैसे-जैसे आने वाले वर्षों का चक्र आगे बढ़ते जाएगा, वैसे-वैसे भारत में वैश्विक नेतृत्व करने का पहिया आगे बढ़ते जाएगा। याने हर ढलते वर्ष द्वारा भारत की गाथाओं की माला में अनेक मोती पिरोते हुए इसकी बागडोर आने वाले अगले वर्ष के हाथों सौंपी जायेगी। इसी कड़ी में वर्ष 2023 में लिखी सफ्लताओं की गाथाओं को पूरा कर आगे की बागडोर वर्ष 2024 को सौंपने का पल आ गया है। याने वर्ष 2023 में अनेक सुनहरे पलों को यादाश्त के रूप में संजोया है जिसका हमें लख-लख शुकराना करना जरूरी है। चूंकि आगे की सफ्लताओं की गाथा वर्ष 2024 लिखने जा रहा हैइसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वर्ष 2024 आपका तहे दिल से स्वागत है। सबके जीवन में बागबहार आए, कोई रंग का लम्हा किसी के पास ना आए, ईश्वर अल्लाह करें नया साल सबको रस आए। नई गाथाओं का इतिहास रचनें के लिए वर्ष 2023 तेरा लख-लख शुकराना। साथियों बात अगर हम नव वर्ष 2024 के सबके जीवन में नए संकल्पों को लेने की करें तो, अब हम नए साल में कदम रख रहे हैं। हर बार नए साल से लोगों को नई उम्मीदें भी होती हैं। वैसे तो नया साल कोई पर्व नहीं है लेकिन फिर भी हम महीनों पहले से इसके इंतजार में रहते हैं। ये इंतजार नई उम्मीदों का होता है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक रूप से विकास की नई राहें खुलने की उम्मीद होती है। नए साल के साथ हम कई सारे लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं। नव वर्ष को नई शुरुआत मानते हुए जीवन को बेहतर बनाने के लिए नए फैसले लेते हैं और नए प्रयास प्रारंभ करते हैं। इस उम्मीद में कि आने वाला साल बेहतर कल लेकर आएगा। ऐसे में हम नए साल पर कुछ संकल्प करते हैं, जिसे न्यू ईयर रेजोल्यूशन कहते हैं। हम स्वास्थ्य से लेकर कामकाज, घर से लेकर दफ्तर तक में बेहतर करने के उद्देश्य से कुछ न्यू ईयर रेजोल्यूशन खुद के लिए तय करते हैं। शुरुआत के कुछ दिन बहुत जोश के साथ खुद से किए उन वादों को पूरा करने का प्रयास करते हैं लेकिन वक्त निकलने के साथ ही रेजोल्यूशन फेल होने लगता है। अपने संकल्पों को भूल हम फिर उसी जीवन शैली में लौट आते हैं, जहां से हमने शुरुआत की थी। परंतु हमें 2024 में ऐसा नहीं करना है संकल्प को दृढ़ता से क्रियान्वयन करने की कोशिश करना है। साथियों बात अगर हम नव वर्ष 2024 को विकास की दृष्टि से देखें तो, हमारा अनुमान है कि 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी पड़ेगी, लेकिन उसके बाद फिर गति पकड़ेगी। इस वित्तीय वर्ष के दूसरे भाग में भारत की वृद्धि पहली छमाही के 7.6 प्रतिशत के बाद धीमी होकर 6.3प्रतिशत हो जाएगी। फिर अगले वित्त वर्ष (2024-25) में इसके 6.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। उच्च ब्याज दरें, फिस्कल कंसॉलिडेशन और धीमी वैश्विक वृद्धि हमारी आर्थिक विकास की रफ्तार धीमा करेंगे। भारत का शानदार प्रदर्शन होने की पूरी उम्मीद है।2023 की विकास गाथा भारत के नाम रही है, जिसकी जीडीपी अनुमान से अधिक दर से बढ़ी है। आरबीआई ने इस वित्तीय वर्ष (2023-24) में 7 प्रतिशत के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। भारत की अर्थव्यवस्था के विकास को वैश्विक विकास से कुछ तेजी मिली, लेकिन सरकार समर्थित इन्वेस्टमेंट साइकल, रियल एस्टेट और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पुनरुद्धार ने भी बढ़ोतरी में योगदान दिया।

साथियों बात अगर हम वर्ष 2024 को राजनीतिक परिपेक्ष के अनुमानों से देखें तो, अधिकांश विपक्षी दल और विपक्ष के नेतृत्व वाली कई राज्य सरकारें यह सोचने के लिए मजबूर हैं कि केंद्र का विरोध करना उनके अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है, और वर्तमान संदर्भ में अधिक रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए उनका कोई जिम्मा या जरूरत नहीं महसूस की जा रही है।राज्य सरकारों के पास राजनीतिक और आर्थिक दोनों मामलों में कई प्रमुख फायदे हैं, जो इस समय काम आ सकते हैं लेकिन ऐसा होने की संभावना नहीं नज़र आ रही है।अपनी ओर से, केंद्र को बेहतर केंद्र-राज्य संबंधों के महत्व को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है, यह मानते हुए कि केंद्र तब मजबूत होता है जब राज्य भी मजबूत होते हैं।यदि दोनों एक साथ हैं, तो वे बेहतर मूल्य प्रस्ताव दे सकते हैं जो कोई भी अपने आप प्रदान नहीं कर सकता है।स्वाभाविक रूप से, इस सब में नई ताकतों और सत्ता की नई वास्तविकताओं की बेहतर समझ शामिल है। हालांकि, 2024 में ऐसा होगा या नहीं, लगता है।मौजूदा सीमाओं से जुड़े विरोधाभासों के बढ़ने की संभावना है, जबकि भारत को बिंदु का सामना करना पड़ सकता है।

साथियों बात अगर हम 2024 में वैश्विक आत्म सुरक्षा परिपेक्ष से देखें तो, अनुमानतह 2024 के अधिकांश समय में चीन-भारत संबंध मुश्किल बने रहेंगे, कोई भी पक्ष एक दूसरे के दृष्टिकोण के प्रति कोई सहमति नहीं जता पाएगा।चीन इस बात को लेकर निश्चित है कि भारत पहले से ही अमेरिका के प्रभुत्व वाले चीन विरोधी गठबंधन का हिस्सा है (हालांकि यह धारणा गलत हो सकती है), जो देशों के संबंधों में किसी भी सुधार के लिए एक बड़ी मुश्किल की तरह हो सकती है। हालांकि, 2024 के दौरान भारत और चीन के बीच सीधा टकराव होगा ऐसा नहीं लगता है। भले ही चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट जारी रहे, और पश्चिम देश इस बात को पूरे क्षेत्र और उसके बाहर चीन के प्रभाव में कमी के सूचकांक के रूप में पेश करे, लेकिन इसकी संभावना बहुत कम है।भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में कुछ दुस्साहसवादी कार्रवाई शुरू कर रहा है। हालांकि, 1958 में अपने ग्रेट लीप फॉरवर्ड मूवमेंट की विफलता के बाद 1962 में भारत के खिलाफमाओ की अकारण आक्रामकता कुछ ऐसी है, जिसे भारत को हर समय ध्यान में रखना होगा।कुछ अन्य क्षेत्रों में भारत के बाहरी संबंधों पर भी 2024 में ध्यान देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, यदि 2024 के आगे बढ़ने के साथ-साथ रूस-चीन धुरी और भी मजबूत हो जाती है, तो इसके साथ-साथ रूस-भारत संबंधों के कमजोर होने से भारत के संबंधों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा और मध्य एशिया तक पहुंच से भारत को ऐसी स्थिति से बचना होगा।अपने पड़ोसी के साथ भारत को 2024 में फिर से अनिश्चित स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। अफ्गानिस्तान के साथ संबंध, जो कुछ समय से लगभग अस्तित्वहीन हैं, वैसे ही बने रहेंगे। बांग्लादेश, नेपाल और मालदीव हाल ही में चीन के दबाव में आ गए हैं, और इससे भारत पर उनकी निर्भरता कम हो सकती है।

साथियों बात अगर हम वर्ष 2023 में अनेक गाथाओं सहित प्रमुख 10 गाथाओं का लख-लख शुकराना करने की करें तो, आने वाले साल में इन 10 फैक्ट्स से भारत दुनियां के मानचित्र पर दिखाएगा अपना दम-(1) जी20 इस वर्ष की कूटनीतिक उपलब्धि के रूप में सामने आया।अपनी जी20 अध्यक्षता के माध्यम से, भारत दुनिया के सबसे प्रभावशाली शक्तिशाली और परिणामी देशों की मेजबानी की और देश दुनिया से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा किया गया।(2)भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा और ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया। भारत की नजर अब इस स्थान से ऊपर जाने की जरूर होगी(3)तकनीकी उन्नति और नवाचार के क्षेत्र में भी भारत ने इसबार कई बुलंदियां छूईं। भारत सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में वैश्विक लीडर बनने के लिए तैयार है।(4) माय गोव इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, देश डिजिटल भुगतान के मामले में शीर्ष पर रहा और 89.5 मिलियन लेनदेन दर्ज किए गए।(5)वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष) 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया।(6)सरकार की लगातार नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के उत्कृष्ट योगदान के परिणामस्वरूप रक्षा निर्यात लगभग 15 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 का बजट 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3,000 करोड़ अधिक है।(7)भारतीय वायुसेना ने अग्निपथ योजना को सफ्लतापूर्वक लागू किया है और अग्निवीरवायु से संबंधित डेटा के डिजिटलीकरण में सबसे आगे रही है।(8)बाजरा (बाजरा/ज्वार/रागी) को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में शामिल किया गया। भारत के प्रस्ताव को 72 देशों का समर्थन मिला और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया गया।(9)भारत ने जुलाई में संयुक्त अरब अमीरात के साथ रुपये के निपटान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इसके तुरंत बाद इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से दस लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद के लिए भारतीय रुपये में भुगतान किया। रूसी तेल आयात का कुछ हिस्सा भी रुपये में तय किया गया है।(10)साल 2023 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लिए कई उपलब्धियां देकर गया। दुनियाभर के देशों ने भारत की ताकत देखी।इसरो कीउपलब्धियों में सबसे पहला नाम चंद्रयान-3 का है। चंद्रयान के बाद इसरो के लिए दूसरी बड़ी सफ्लता आदित्य एल-1 की सफ्ल लॉन्चिंग रही।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वर्ष 2024आपका तहेदिल से स्वागत है।वर्ष 2024 सबके जीवन में बागबहार लाना - वर्ष 2023 तेरा लख़ लख़ शुकराना।वर्ष 2024 में कोई रंग का लम्हा किसी के पास ना आए - ईश्वर अल्लाह करे नया साल सबको रास आए।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्ते में मिठास आयेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्तःदुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग प्रभावित होंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी।

**कर्क राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा कर लेना चाहिए। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज खुद की सेहत पर ध्यान देंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के साथ रिश्ते में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। छात्र अपना अधिकतर समय इधर- उधर व सोशल मीडिया में व्यतीत करेंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। आज घरके साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी। आज आपके सेहत में अच्छा सुधार आयेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं। अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे। आज आप जरूरतमंद को भोजन देने किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका कॉन्फिडेंस काम को पूरा करने में मदद करेगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आप योग की रूटीन अपनाएंगे, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए। बच्चे खेल कूद में व्यस्त रहेंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर, किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। आज आप मित्रों के साथ कुछ समय बिताएंगे, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। लवमेट से मनपसंद उपहार मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से आय बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

## व्यंग्य

# क्या कहें

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



एक दिन सलीम भाई गर्मी के दिन में शेरवानी पहनकर अपने दोस्तों के बीच पहुँचे। उन्हें देखते ही दोस्तों की हँसी छूट गई। कहा ङ्क क्या मियाँ! कोई तो भी गर्मी के दिनों में शेरवानी पहनते क्या? अजीब नमूने हैं। एक तरफइतनी गर्मी है दूसरी तरफहवा का नामोंनिशान नहीं। ऊपर से तुम्हारा तमाशा अलग से। इन्हीं हरकतों के चलते तुमको कोई लड़की नहीं दे रहा है। बदलों में मियाँ बदलो! और कितने दिन ये बचकानी हरकत करेंगे? कुछ तो उम्र का लिहाज करो। कल के छोकरे भी तुम्हारे से ज्यादा अक्लमंद हैं। सलीम भाई की हालत काटो तो खून नहीं जैसी हो गयी थी। बेइज्जती का घूंट पीकर रह गए। अपने गुस्से को जैसे-तैसे दबाया। फिर कहा हाँ मियाँ! मेरी हरकतें तुम्हें हँसी दिलाने वाली हैं। एक तरफ तुम लोग फेसबुक, वाट्सप पर वतन स्मार्ट बनता जा रहा है, नई-नई बुलंदियों को छूता जा रहा है जैसी लंबी-लंबी बातें फेंकते हो। दूसरी तरफ देश के प्रधान और उनके चमचे बड़ी-बड़ी मुंडियों वाला इश्तेहार में अस्सी करोड़ लोगों को फ्री में अनाज देने की बात करते हैं। अजब उलटबासी हैं यहाँ! इंसानी बदन मांस और हड्डियों का बना है। लोहे का तो है नहीं! बीमार पड़े तो इंसान अस्पताल जाना चाहता है। हमारे यहाँ अस्पताल से ज्यादा शराबखाने हैं। इंसान की मरम्मत करने से ज्यादा बिगाड़ने के ठिकाने हैं। दो-दो कदम पर मंदिर-मस्जिद मिलेंगे, पढ़ने के लिए स्कूल हरगिज नहीं। अंधविश्वास के ठिकाने जब तर्क-वितर्क पर हावी हो जाते हैं, तब इंसान अच्छे-बुरे की पहचान नहीं कर पाता। कोई एलोपैथी कहता है तो एलोपैथी के पीछे, कोई आयुर्वेद कहता है तो आयुर्वेद के पीछे दौड़ने लगता है। कौआ कान ले गया की तर्ज पर कौए के पीछे दौड़ना शुरु कर देते हैं। किसी के पास अपने कान छूकर देखने की सोच नहीं है। यहाँ हाथ में स्मार्टफोन, चढ़ने के लिए मेट्रो, पीने के लिए शराब मिल जाएँ तो उसे आत्मनिर्भर कहते हैं। कोई लड़की साइकिल पर अपने अब्बा को ले जाती है तो उसे आत्मनिर्भर कहते हुए देश का बड़ा तमगा दे दिया जाता है। असली हीरो को लात मारी जाती है और नकली हीरो को छाती से लगा लिया जाता है। जहाँ सांस लेने को एहसान माना जाता हो, वहाँ जीना भी किसी अजूबे से कम नहीं। मानता हूँ कि मैंने ऊपर शेरवानी पहनी है, लेकिन मुझे अंदर से कोई परेशानी नहीं है। कम से कम उन लोगों से तो खुशनसीब हूँ जो न दिखाई देने वाली ढोंगी शेरवानी पहने हैं और अंदर से असलियत में परेशान हैं। सच है, यहाँ हर कोई ऊपर शेरवानी पहना है, और अंदर से परेशानी से दो-चार हो रहा है। अंतर केवल इतना है कि किसी को यह शेरवानी दिखायी देती है, तो किसी-किसी को यह नहीं दिखायी देती। सबकी परेशानियों के निशान अलग-अलग हैं। कुछ दिखाने में फेल हो जाते हैं, तो कुछ छिपाने में सफल।

## सर्दी, खांसी या जुकाम ने कर रखा है परेशान तो बेहद जरूरी है ये काम

सर्दियों का मौसम चल रहा है तो सर्दी-जुकाम और खांसी की परेशानी बढ़ रही है. इन दिनों संक्रामक बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं. ऐसे में अगर समय रहते सर्दी-जुकाम को सही नहीं किया गया तो समस्याएं बढ़ सकती हैं. कई ऐसी चीजों होती हैं जिनके सेवन से सर्दी-खांसी की समस्या बढ़ती है. इसलिए सर्दी जुकाम और खांसी होने पर इन चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए. जानिए सर्दी-जुकाम में क्या-क्या नहीं खाना चाहिए...

**खट्टी चीजों से करें परहेज**-सर्दियों में इम्यूनिटी मजबूत होना बेहद जरूरी है लेकिन इस मौसम में खट्टी चीजों से परहेज करना चाहिए. क्योंकि इसकी वजह से समस्याएं बढ़ सकती हैं. सर्दी-जुकाम में नींबू और संतरे जैसे फल खाने से बचना चाहिए. इन चीजों को खाने से गला भी खराब हो सकता है.

**डेयरी प्रोडक्ट्स करें अवॉयड**-डेयरी प्रोडक्ट्स के सेवन से सर्दी-जुकाम की समस्याएं बढ़ सकती हैं. दही और छाछ की तासीर ठंडी होने की वजह से सर्दी की समस्या बढ़ जाती है. ऐसे में इन चीजों को खाने से जुकाम और खांसी ठीक नहीं होगी और परेशानी बढ़ सकती है.

**प्रोसेस्ड फूड**-सर्दी के मौसम में कई लोग खांसी-जुकाम होने पर हर कुछ खाते रहते हैं लेकिन ऐसा करना परेशानी बढ़ा सकता है. ऐसी स्थिति में प्रोसेस्ड फूड खाने से बचना चाहिए. ये गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि इनमें सोडियम और शुगर दोनों चीजों मौजूद होती हैं तो समस्या बढ़ सकती है.

**मीठी चीजों का सेवन न करें**-सर्दी-जुकाम होने पर गलती से भी मीठी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए. इससे कई तरह की समस्याएं बढ़ सकती हैं. मीठी चीजें खाने से गले में सूजन और दर्द की समस्या हो सकती है.

**स्मोकिंग न करें** -सेहत के लिए खतरनाक स्मोकिंग को सर्दी-जुकाम होने पर गलती से भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसकी वजह से इम्यूनिटी कमजोर होती है और फेफड़ों की समस्या भी बढ़ती है.

## अपराध

मनोज कुमार अग्रवाल

# मानवता के साथ घोर अपराध है नकली दवा का धंधा



कल्पना कीजिए कि आप अपने किसी बीमार बच्चे या परिजन के लिए खून पसीने की कमाई खर्च कर दवा खरीद कर लाएं और वह दवा नकली हो तो आपके ऊपर क्या बीतेगी? लेकिन विश्वास करें या न करें देश भर में प्रतिदिन लाखों लोगों को नकली दवा बेचकर मानवता के दुश्मन अपनी काली कमाई कर रहे हैं। यह मानवता के साथ घोर अपराध है। देश में नकली दवाओं को लेकर सरकार को कई बड़े सबूत मिलते रहे हैं। जिसके आधार पर जल्द ही बंगाल से लेकर बिहार, यूपी और उत्तराखंड दिल्ली राजस्थान हिमाचल महाराष्ट्र गुजरात तक में समय समय पर छापामारी कर करोड़ों की नकली मिलावटी व गुणवत्ता विहीन दवा बरामद की जा चुकी है तमाम कानून हैं लेकिन चूहा बिल्ली का खेल चलता रहता है न अवैध दवा का निर्माण और विपणन नियंत्रित नहीं किया जा सका और ये दवाएं लाखों लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहीं हैं। जानकारी सामने आई है कि करीब 12 कंपनी नकली दवाएं बेच रही है।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के अनुसार करीब 12 से ज्यादा फार्मा कंपनियां लेबल लगी नकली दवाएं बेच रही है। इस काम में कोई एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा एक समूह शामिल है, जिन्हें लेकर जल्द कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों जांच में जुटे अधिकारियों को मिले साक्ष्य के आधार पर दर्जनों नामी दवा कपंनियों को नकली दवाएं पायीं गई हैं।

अब सबसे ताजा मामला देश की राजधानी दिल्ली में सामने आया है। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की सरकार के आधीन चल रहे सरकारी अस्पतालों में नकली एवं घटिया दवाएं आपूर्ति की जा रही थीं। न केवल सरकारी अस्पतालों, बल्कि जिन मोहल्ला क्लीनिक का ढिंढोरा मुख्यमंत्री केजरीवाल जगह-जगह पीटते रहे हैं, उनमें भी यही दवाएं आपूर्ति कर गरीब रोगियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा था। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 'गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल' और 'जीवन को खतरे में डालने की क्षमता' वाली दवाओं की कथित आपूर्ति की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की है। उपराज्यपाल के आदेश के बाद दिल्ली सरकार में हड़कंप मचा और दवाओं का परीक्षण शुरू हुआ तो पता चला कि वहां मिरगी की दवा भी नकली थी। एक रिपोर्ट के अनुसार उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को लिखे एक नोट में उल्लेख किया है कि यह चिंताजनक है कि ये दवाएं लाखों मरीजों को दी जा रही हैं। नोट में कहा गया है, 'मैंने फाइल का अध्ययन किया है। यह गहरी चिंता की बात है। मैं इस तथ्य से व्यथित हूं कि लाखों असहाय लोगों और रोगियों को ऐसी नकली दवाएं दी जा रही हैं जो गुणवत्ता मानक संबंधी परीक्षणों में विफल रही हैं। दिल्ली स्वास्थ्य सेवा (डीएचएस) के तहत केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) द्वारा खरीदी गई ये दवाएं दिल्ली सरकार के अस्पतालों को आपूर्ति की गईं और संभव है कि इन्हें मोहल्ला क्लीनिक को भी आपूर्ति की गई हो।'

सीबीआई जांच के आदेश के बाद दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर गुणवत्ता मानक जांच में विफल हुई दवाओं को वापस लेने का निर्देश दिया है। अधिकारियों के अनुसार जो दवाएं 'घटिया गुणवत्ता' की पाई गईं, उनमें फेफड़ों और मूत्र तंत्र के संक्रमण के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महत्वपूर्ण जीवन रक्षक एंटीबायोटिक सेफैलेक्सिन शामिल हैं। फेफड़ों, जोड़ों और शरीर में सूजन को ठीक करने के लिए एक स्टेरॉयड 'डेक्सामेथासोन', मिर्गी और चिंता विकार मनोरोग दवा 'लेवेतिरसेटम' और उच्च रक्तचाप दवा 'एम्लोडेपिन' भी शामिल है। सरकारी अस्पतालों तक नकली व घटिया दवाएं यूं ही नहीं पहुंच सकतीं, इनके पीछे पूरा गिरोह काम कर रहा है। नकली दवाएं बनाने से लेकर, संबंधित राज्यों के औषधि नियंत्रक और उसके बाद जिस राज्य में अस्पतालों में वे दवाएं आपूर्ति की जानी हैं, उनके स्वास्थ्य अधिकारी, दवाओं के मानक तय करने वाले जांच अधिकारी आदि सब शामिल हैं। किसी एक की भी असहमति हो तो नकली दवाओं को इस तरह खपा पाना आसान नहीं होगा। सरकारी अस्पतालों में पहुंचाई जा रही दवाओं में से कहीं से भी कोई भी दवा लेकर औचक जांच की जाती है ताकि दवाओं की गुणवत्ता बनी रही। किन्तु दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में दवा बनाने वाले राज्यों के अधिकारियों से लेकर दिल्ली सरकार तक, सब विफल साबित हुए। गौर तलब है कि भारत इतना बड़ा देश है कि यहां नकली दवाएं खपाना अत्यंत सरल है।

दवाओं की जांच का जिम्मा सरकारी अधिकारियों पर है और अपने देश में सरकारी प्रणाली कैसे काम करती है, यह किसी से छिपा नहीं है। यह कल्पना करना भी व्यर्थ है कि सरकारी अधिकारी हर दवा दुकान में जाकर सैंपल लेकर दवाओं की जांच करें। जब ऊपर से 'टार्गेट' दिया जाता है, तब यह जांच हो पाती है। मिलावटखोरी अन्य खाने-पीने की चीजों में भी होती है, किन्तु नकली दवाएं बनाना तो किसी ऐसे व्यक्ति के जीवन से सीधा खिलवाड़ जो अस्वस्थ होने के कारण पहले ही कमजोर है। नकली या मिलावटी चीजें स्वस्थ मनुष्य का ही स्वास्थ्य बिगाड़ दें तो रोगियों पर इनका क्या प्रभाव होता होगा, यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। यह तो विश्वासघात भी है, क्योंकि कोई भी रोगी दवाएं इस विश्वास के साथ लेता है कि वे उसे स्वस्थ बनाने में मदद करेंगी। नकली दवा बनाने वालों से



लेकर उन्हें अस्पतालों में आपूर्ति कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तो गंभीर आपराधिक मामला चलना चाहिए और दोषी पाए जाने पर उनको हत्या का षड्यंत्र रचने जैसा दंड दिया जाना चाहिए। जब तक सजा का डर नहीं होगा, तब तक इस तरह के गंभीर अपराध रुकेंगे नहीं। पिछले दिनों दावा किया गया था कि जल्द ही दवाओं के रैपर पर क्यू आर कोड प्रिन्ट किया जाएगा जिस से कंज्यूमर जल्द ही यह जांच कर पाएंगे कि जिस दवा को उन्होंने खरीदा है, वह सुरक्षित है और नकली तो नहीं है. सरकार ने नकली और घटिया दवाओं के उपयोग को रोकने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सबसे अधिक बिकने वाली दवाओं के लिए 'ट्रैक एंड ट्रेस' व्यवस्था शुरू करने की योजना बनाई है. इसके तहत पहले चरण में दवा कंपनियां सबसे अधिक बिकने वाली 300 दवाओं की प्राथमिक उत्पाद पैकेजिंग लेबल पर बारकोड या क्यूआर कोड प्रिंट करेंगी या चिपकाएंगी।प्राथमिक उत्पाद पैकेजिंग में बोतल, कैन, जार या ट्यूब शामिल हैं, जिसमें बिक्री के लिए दवाएं होती हैं।लेकिन इस सबको अमली जामा पहनाने में लगातार कोताही बरती जा रही है। आम मरीजों को बिना अधिक ज्ञान लगाए सही मूल्य और सही गुणवत्ता की दवा मिले यह सरकार को सुनिश्चित करना होगा।दवा माफिया अब इतना संगठित व मजबूत हो चुका है कि इस पर काबू पाना आसान नहीं है। सरकार को इस के खिलाफ कमर कसनी होगी

## एक नजर

### व्यय एवं लेखा समाधान के लिए बैठक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 30 दिसम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री सुशांत कुमार की अध्यक्षता में अभ्यर्थी तथा अभिकर्ताओं की लेखा समाधान की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में समय पर त्रुटि रहित लेखा दाखिल करने की विधि, दस्तावेजों की पूर्णता, बैंक विवरण सहित सभी प्रमाणिक वॉऊचर को पूर्ण करने संबंधी सुझाव दिया गया। व्यय-लेखा दाखिल करने की अंतिम तिथि 02 जनवरी निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-78 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन के परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखे की सही प्रतिलिपि दाखिल करनी होती है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल, एसडीएम श्री मनीष साहू, कोषालय अधिकारी श्री रामानंद कुंजाम सहित निर्वाचन अभ्यर्थी एवं अभिकर्ता उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान का कमलेश्वर का सपना पूरा

**उत्तर बस्तर कांकेर,30 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम किरगोली में आयोजित कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही श्री कमलेश्वर मंडावी ने बताया कि पहले उनका परिवार मिट्टी के मकान में रहते थे। खपरैल का मकान होने के कारण बरसात के दिनों में घर में जगह-जगह पानी टपकने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। साथ ही मिट्टी के दिवाल के गिरने का भी डर लगा रहता था। श्री मंडावी ने बताया कि वे गरीब किसान है और पक्का मकान बनाने में असमर्थ था। फिर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका पक्का मकान बना और उनकी कच्चे मकान में होने वाली परेशानियां दूर हुई। अब उनका स्वयं का मकान बनाने का सपना पूरा हुआ, अब वे और उनका परिवार पक्के मकान में सुकून से रहते हैं। श्री मंडावी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर केन्द्र सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।



# जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 30 दिसम्बर ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल व जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा तहत् जिला स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम शहीद राम कुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुआ।आयोजित कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिता में जिले के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के विद्यालयों ने भाग लिया। इसमें क्विज प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड, विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में क्विज प्रतियोगिता माध्यमिक स्तर में प्रथम कु. गोमती पोटाई कक्षा 8वी, एवं कुमार मिताली गोटा कक्षा 8वी मा.शा कोण्डे विख. दुर्गूकोंदल द्वितीय अमन ताडिया कक्षा 7वी, एवं चंचल दर्रा कक्षा 7वी मा.शा घोटिया विख. भानुप्रतापपुर तृतीय कु. नीलम कोडो कक्षा 8वी, एवं कु. चांदनी उइके कक्षा 8वी मा.शा बुलावड विख. अंतागढ़, हाई स्कूल स्तर पर प्रथम कु.पूर्वा सिन्हा कक्षा 9वी शा.हाई स्कूल कोदापाखा एवं नितीश साहू कक्षा 10वी हाई स्कूल कोण्डे विख. दुर्गूकोंदल द्वितीय लीसा ठाकुर कक्षा 10वी शा.हाई स्कूल कुरालठेमली, एवं कु. नंदनी सिन्हा कक्षा 10वी हाई स्कूल नवाडबरी विख. भानुप्रतापपुर तृतीय डेविड साहू कक्षा 10वी, एवं भविष्य सोरदे कक्षा 10वी हाई स्कूल लखनपुरी विख. चारामा, हायर सेकेण्डरी स्तर पर प्रथम कु. दामिनी मण्डावी कक्षा 11वी एवं कु. कावेरी शोरी कक्षा 11वी शा.उ.मा.वि. नरहरपुर विख. नरहरपुर द्वितीय सुमीत सिन्हा कक्षा 11वी एवं मोहित साहू कक्षा 11वी शा.उ.मा.वि. हाटकर्रा विख. भानुप्रतापपुर तृतीय कु. श्रेया दुबे कक्षा 12वी शा.उ.मा.वि. डुमाली एवं कु. प्रवीणा हिडको कक्षा 12वी शा.उ.मा.वि. बागोडार विख. कांकेर रही। इसी प्रकार प्राथमिक स्तर पर कबाड़ से जुगाड प्रतियोगिता में प्रथम प्रा.शाला माटवाड़ा लाल पटेलपारा, द्वितीय प्रा.शाला भंडारीपारा कांकेर, तृतीय प्रा.शाला भिरौद रहीं। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रथम तेजस काटिंगल कक्षा 8वी, शा.मा.शाला कलगांव, विख. अंतागढ, द्वितीय रोहन साहू कक्षा 8वी मा.शा. पुसवाडा, विख. कांकेर एवं तृतीय दोनेश्वर साहू कक्षा 8वी मा.शा. पुसवाडा, विख. कांकेर रही।




### विकसित भारत संकल्प यात्रा: हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं बी-वन खसरा का वितरण



**उत्तर बस्तर कांकेर,30 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज जिले के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी, कोदागांव, सुखई, पोंडगांव, बड़ेतोपाल एवं मरोड़ा सहित अन्य गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उक्त ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 'धरती कहे पुकार के' की प्रस्तुति में उपस्थित लोगों को खेतों में रासायनिक उर्वरक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया और किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाते हुए जैविक खाद का उपयोग करने की अपील की गई। इसी प्रकार विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए योजनाओं से हुए लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क बी-वन खसरा और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नये गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत मरोड़ा में भी आयुष्मान कार्ड सहित निःशुल्क खसरा एवं बी-वन का वितरण तथा डिजिटल इंडिया के तहत हल्का पटवारी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव से किसान उत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 30 दिसम्बर।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में नई तकनीकी के माध्यम से खेती के पद्धति में बदलाव लाने के उद्देश्य से ड्रोन टेक्नालॉजी से तरल नैनों यूरिया और डीएपी का सतत् रूप से रबी फसलों में छिड़काव किया जा रहा है। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि जिले में अब तक 16 ग्रामों में क्रमशः सोरम, जवरगांव, मथुराडीह, कण्डेल, जी-जामगांव, कोड़ापार, करगा, दरभा, अछोटी, कोड़ेबोड़, गातापार, खिसोरा, हसदा, कुकरेल, भोथापारा, चनागांव, में रबी सीजन में चना, गेहूँ, सरसों, अरहर, धान एवं सब्जी वर्गीय फसलों में नैनों यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है।

जिले में ड्रोन टेक्नालॉजी के प्रदर्शन से किसानों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, एक एकड़ रकबा में केवल छः मिनट में नैनों यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है। नैनों यूरिया के साथ-साथ कीटनाशक एवं फफूंदनाशक छिड़काव में भी ड्रोन टेक्नालॉजी कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ड्रोन के उपयोग से समय एवं श्रम की बचत होती है। उन्होंने बताया कि गत दिनां जवरगांव में आयोजित संकल्प शिविर के दौरान केन्द्र सरकार के ऑब्जर्वर श्री पंकज बोडखे द्वारा चना फसल में प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। इसी तरह कुरूद के ग्राम गातापार में गुजरात से आये हुए वरिष्ठ पत्रकार दल द्वारा भी सरसों, अरहर एवं चना फसल का निरीक्षण किया गया। संकल्प शिविरों में कृषकों के साथ-साथ कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी के वैज्ञानिक भी उपस्थित रहें।



## समाचार संक्षेप

### भखारा में मनाया गया वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस




**अंवरी 30 दिसंबर।** नगर पंचायत भखारा के रामलीला मैदान में शहीद नारायण सिंह की शहादत पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने वीर नारायण सिंह के तैल चित्र पर अक्षत एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम मे रेला पाटानृत्य का आयोजन भी किया गया । सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलंजन सिंह मांडवी, ठाकुर राम नेताम,ललित ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा छत्तीसगढ़ में सबसे पहले आजादी के अलख जगा ने वाले वीर नारायण सिंह आदिवासी समाज के ही नहीं सभी समाज के लोगों के रक्षा एवं देश के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी , 2 दिसंबर को वीर नारायण सिंह को गिरफ्तार करके 5 दिसंबर के रायपुर के डिप्टी कमिश्नर के हवाले कर दिया ।वीर नारायण सिंह के ऊपर देशद्रोह के मुकदमा भी चलाया गया।और फांसी की सजा सुनाई गई.10 दिसंबर 1857 के सुबह फांसी के सजा तमिल कर दी. वीर नारायण सिंह देश के आजादी के खातिर शहीद हों गये.जहां वीर नारायण सिंह फांसी दी वह जगह आज रायपुर के जय स्तंभ चौक के नाम से जाने जाते हैं.आदिवासी समाज के अनेक लोगों की लंबी लिस्ट है. देश को आजादी दिलाने में उनके पुण्यतिथि के हिसाब से समय-समय पर श्रद्धांजलि देकर याद किया जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुजान सिंह मांडवी, राम प्रसाद, देवनाथ नेताम ,कुलेश्वर छेदैया, पोखराज नेताम ,संतोष सोरी, तेजराम छेदैया,बीरबल कुंजम, फलेंद्र छेदैया, हरिश्चंद्र मांडवी ,सुग्रीव नेताम, शिवदयाल ध्रुव, बोधन छेदैया, उपस्थित थे।

### उत्कर्ष योजना के लिए आवेदन 25 जनवरी तक

**उत्तर बस्तर कांकेर 30 दिसम्बर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत लाभान्वित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों के चयन परीक्षा वर्ष 2024-25 में जिला अन्तर्गत कक्षा 6वीं में 08 सीट (अनुसूचित जनजाति-07 व अनुसूचित जाति-01) आरक्षित है। इस परीक्षा में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 10 मार्च 2024 को 12 से 02 बजे तक किया जाएगा। उत्कर्ष योजना के तहत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इस योजना अंतर्गत आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक विद्यार्थी द्वारा आवेदन पत्र अध्ययनरत शाला में जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है एवं शाला प्रमुख द्वारा आवेदन के परीक्षण एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अग्रेषण करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समस्त आवेदनों की सूची तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 07 फरवरी है। अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। चयन परीक्षा के परिणाम की घोषणा 10 मार्च को होगी, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा दावा आपत्ति 14 मार्च तक प्रस्तुत कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र, रोल नंबर आदि की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

# विधायक अजय चंद्राकर का नगर में जगह-जगह स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 30 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई है. कुरूद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अजय चंद्राकर की पांचवीं बार जीत हुई है. उनके ऐतिहासिक जीत पर कुरूद विधानसभा क्षेत्र के अनेक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जगह-जगह पंडाल लगाकर विधायक अजय चंद्राकर का फूल मालाओं से स्वागत किया. जिसमें साहू समाज, सतनामी समाज, चंद्राकार समाज, यादव समाज, कलार समाज, गोंड समाज, महावर समाज, मुस्लिम समाज, मजदूर रेजा हमाल संघ सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मंडलों ने अजय चंद्राकर का स्वागत किया. विधायक अजय चंद्राकर ने कुरूद विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं आभार व्यक्त किया. आभार सभा को संबोधित करते हुए अजय चंद्राकर ने कहा कि आज कुरूद में बड़ी मूलभूत समस्याएं नहीं है। यहां कुरूद के आगे ले जाने के लिए क्या करना है इस बारे में सोचना और करने की जरूरत है। यहां सिर्फ सड़क चौड़ीकरण, बिजली का विस्तार करना , स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा के निर्माण आदि का काम बचा है। यहां विकास के काम की कोई कमी नहीं होगी।

विपक्ष पर बरसे अजय चंद्राकर - अजय चंद्राकर ने बिना नाम लिए विपक्ष के प्रत्याशी और विपक्षियों के बारे में कहा कि कुरूद के विकास के लिए और कुरूद को आगे ले जाने के लिए उनकी क्या सोच है। उन्होंने कहा कि मैने कुरूद महाविद्यालय में तीन विषय में पोस्ट ग्रेजवेट के कोर्स की व्यवस्था की है, कुरूद क्षेत्र के विकास के लिए परखंदा में हेचरी, भंठागांव और गाड़ाडीही में उधानिकीय, भांठागांव में दुग्ध प्रसंस्करण के कार्य की शुरुवात की लेकिन यहां कांग्रेस के शासन काल में इसके विकास के लिए आगे कुछ भी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कुरूद को अगले चरण के नेतृत्व के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि मैं कुरूद से कांग्रेस से मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी से मिलने जाऊंगा उनसे कहूंगा की आपके पास आपके चुनावी घोषणा पत्र में जो भी बाते थी कुरूद के विकास के लिए उसे बताइए हम मिलकर उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति में दुश्मनी नहीं होनी चाहिए विचारों की लड़ाई होनी चाहिए, चुनाव मुद्दों से लडा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाली 22 जनवरी राम मंदिर निर्माण का महत्व 15 अगस्त से कम नहीं है।यह हिंदुस्तान के इतिहास में सबसे सबसे बड़ा दिन है इस दिन सभी बीजेपी कार्यालय में आकर सेलिब्रेट करें। आभार प्रदर्शन निरंजन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में धमतरी से नगरी से कुरुद क्षेत्र से बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 30 दिसंबर।** ग्राम शिवपुरी में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था जिसके उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय विधायक महोदया हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा गौकरण वर्मा, ग्राम सरपंच श्री राजकुमार द्विवेदी, ग्राम पटेल श्री गोपीराम महोबिया, सुरेश सिन्हा, पंचराम चंदेल, बिसौहा कंवर नागेश महोबिया व गांव के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुवे इस प्रतियोगिता में करीब 50 टीमों ने मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाई अन्ततः फाइनल में लोहझरी व बेलगांव के खिलाड़ीयों ने अपनी जगह बनाई दोनों टीमों के टक्कर में लोहझरी ने 16 अंक से बढ़त बनाकर अपनी जीत हासिल कर प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए व विनर कप अपने नाम किया, बेलगांव के टीम ने द्वितीय पुरस्कार 5001 व विनर कप, घुमर्रा तृतीय पुरस्कार 3001व विनर कप तथा चतुर्थ पुरस्कार 2001व विनर कप लोहझरी के नाम हुआ, तथा बेस्ट रेडर, बेस्ट ब्लाकर, बेस्ट कैचर व बेस्ट आलराउंडर खिलाड़ीयों को भी राशि व कप देकर पुरस्कृत किया गया, प्रतियोगिता को देखने गांव के अलावा आसपास के गांव से भी ज्यादा की संख्या में दर्शक उपस्थित थे समापन में ग्राम पटेल श्री गोपीराम महोबिया, उपसरपंच श्री मनबोध कुंजाम, प्रकाश कुंजाम, कुमारी निषाद, चंद्रकान्ता चंदेल, रोशन चंद्रवंशी व गांव के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे यह आयोजन साई क्लब व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ।



### व्यय प्रेक्षक ने तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय और लेखा का किया मिलान



**जगदलपुर 30 दिसंबर।** विधानसभा निर्वाचन के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय और लेखा संबंधी विवरणों की जांच व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन द्वारा शुक्रवार को मिलान किया गया। जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं द्वारा निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए किये गए सम्पूर्ण लेखा एवं व्यय संबंधी विवरण व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसकी जांच व्यय प्रेक्षक के द्वारा की गई। व्यय अनुवीक्षण सेल द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय की विस्तृत जानकारी पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति दी गई। इस दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी रहे एसडीएम सहित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कैम्प 3 जनवरी को

**धमतरी,30 दिसम्बर।** जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 3 को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक पुष्पा चौधरी ने बताया कि कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 938 पदों पर भर्ती के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा।

### यमुना को खाना बनाने में हो रही सहूलियत, समय की भी बचत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 30 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम किरगोली में 28 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही श्रीमती यमुना उइके ने बताया कि पहले चूल्हे में लकड़ी जलाकर खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकलने वाले धुंए के कारण पूरा किचन धुंए से भर जाता था। इसके कारण आंखों में जलन के साथ-साथ सांस की समस्या भी होती थी। उन्होंने आपबीती सुनाते हुए कहा कि जब से पीएम उज्ज्वला योजना के तहत उन्हें गैस कनेक्शन मिला है तब से खाना बनाने में बहुत सुविधा होती है। अब समय की भी बहुत बचत होती है और रसोई घर का वातावरण भी स्वच्छ और अनुकूल रहता है। पहले चूल्हा का ईंधन तलाशने जंगलों से इधर उधर भटकना पड़ता था। कई बार तो जंगली जानवरों के खतरे का भी खौफबना रहता था। यह भी बताया कि उनकी रसोई में गैस चूल्हा के आ जाने से लकड़ी की भी बचत हो रही है और पर्यावरण का भी संरक्षण हो रहा है। उज्ज्वला योजना से अब उनका रसोई घर धुआंमुक्त हुआ है। श्रीमती युमना ने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उनकी इस लोकहितकारी योजना के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।



# भैंसबोड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगे शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 30 दिसंबर।** केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से रूबरू संवाद करने के उद्देश्य से भैसबोड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 26 दिसम्बर को किया गया।

इसके तहत लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार के थीम पर बारहमासी गीत,पंथी, सुवा, कर्मा, दादरिया, आखाडा, राउत नाचा, देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । साथ ही शिविर में उपस्थित लोगों द्वारा संकल्प लिया गया ।

प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हरिश साहू और गणेश राम ढीमर ने योजना के तहत बने उनके पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित कर कहे कि उनके पक्के मकान का सपना साकार हो गया है और वे परिवार के साथ निश्चिंत होकर अपने घर में रह रहे हैं। अब उन्हें ना ही असमय होने वाली बारिश की चिन्ता है और ना कोई अन्य चीजों से। पक्के मकान में वे अब चैन से रहते हैं।

ज्ञात हो कि संकल्प शिविर में लोगों को विभागीय योजनाओं से अवगत भी कराया गया । साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदाय किया गया और निःशुल्क दवा मरीजों को दी गई । वहीं कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड, आधार अपडेशन, केसीसी उद्यानिकी, पशुपालन आदि से अवगत कराया गया । इसके अलावा बिहान समूह की महिला राम्हीन साहू एवं कुमारी बाई द्वारा बिहान समूह से मिलने वाले लाभ को बताया गया 7 रविकुमार साहू एवं चंद्रहास साहू ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगे घरों में नल से होने वाले फायदे बताये 7 मीणा साहू एवं टिकेश्वरी ने आयुष्मान कार्ड से मिलने वालो लाभ को बताया 7 प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसान गोपी राम साहू एवं शिव कुमार ने सभी को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना कर बारे में बताये 7 साथ युवाओं के द्वारा प्रश्नोत्तरी भी खेला गया जिसमें प्रमोद कुमार पिता कामता राम प्रथम आए जी टीशर्ट एवं टोपी से सम्मानित किया गया 7 प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत मीनाक्षी ढीमर एवं टिकेश्वरी साहू को गैस चूल्हा प्रदान किया गया 7 इस अवसर पर मिनेश्वरी दिलीप साहू सरपंच ग्राम पंचायत भैसबोड़, सुनील गायकवाड़ जनपद सदस्य कुरुद, लेखराम साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, डी एस मरकाम करारोपण अधिकारी, सुरुजभान साहू एडीओ, अभिषेक श्रोती ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, महेश कुमार भगत तकनिकी सहायक कुरुद, रामकुमार बंजारे सचिव ग्राम पंचायत भैसबोड़, एस आर रिगरी प्राचार्य हाई स्कूल, इंद्रमन बारले संकूल समन्वयक, देवकी बघेल प्रधानपाठक, सुरेंद्र कुमार ध्रुव पटवारी,डाकेश साहू रोजगार सहायक,तेजेन्द्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा शाखा कुरुद, मुकेश निर्मलकर अंवरी,लक्ष्मण साहू पंच,होमेंद्र साहू, दुलरवा राम साहू,नागेश साहू, अम्बिका सिन्हा शिक्षिका, डीके साहू शिक्षक, पीएस मरकाम,उर्मी सेन, रेवती बाई, सीमा ध्रुवंशी, रेवती, पूर्णिमा ढीमर, चमेली बाई, मधुमालती साहू, तामेश्वरी, सुलोचनी, टेमिन साहू मितानिन, ईश्वरी, लता साहू आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहीत सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित समस्त ग्रामवाशी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।



## एक नजर

### आईईडी ब्लास्ट में शामिल एक लाख का इनामी माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 30 दिसंबर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 28-12-2023 को डीआरजी और बस्तर फाइटर की टीम पोटेनार, तुंगाली की ओर निकली थी । अभियान के दौरान पोटनार के जंगल पगडण्डी रास्ते में माओवादियों द्वारा प्रेशर आईईडी लगाया गया था जिसके विस्फोट से डीआरजी का जवान के पैर में चोट आई । विस्फोट बाद भागते हुए 01 माओवादी को घेराबंदी कर पकड़ा गया । जिससे पूछताछ पर अपना नाम महादेव करटाम (DAKMS अध्यक्ष) पिता लखमू करटाम उम्र 30 वर्ष निवासी पीटेतुंगाली थाना जांगला का होना बताया ।पकड़ा गया माओवादी थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 30-09-2020 को बरदेला के वार्ड पंच एवं भूतपूर्व सरपंच धनीराम की हत्या की घटना में शामिल था । पकड़ा गया माओवादी संगठन में (DAKMS अध्यक्ष के पद पर सक्रिय है । जिस पर छ0ग शासन की ईनाम नीति के तहत् 1.00 लाख का ईनाम घोषित है । उक्त के विरुद्ध थाना जांगला मे 02 स्थाई वारंट लंबित है। पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना जांगला में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

### धनपती पंडा की गुरु गद्दी का आशीर्वाद लेने भुईयापानी पहुंचे मुख्यमंत्री



**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तहसील लैलूंगा के ग्राम-भुईयापानी में गुरु श्री श्री 108 श्री गुरुदेव स्वामी धनपती पंडा जी के निवास स्थान पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु गद्दी को प्रणाम कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने गुरु के परिवार जनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। गुरु शिष्य परंपरा के सशक्त ध्वजवाहक मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बाल्यकाल में 05 वर्ष की उम्र से गुरु का अनुसरण करते रहे हैं। प्रदेश के मुखिया की जिम्मेदारी मिलने पर वे गुरु की गद्दी का आशीष लेने विशेष रूप से भुईयापानी पहुंचे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गांव में उनकी स्मृति में दुर्गा मंदिर का भी निर्माण करवाया है।

### शासकीय वाहन की नीलामी के लिए निविदा

**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** खाद्य स्थापना जिला रायगढ़ के अंतर्गत शासकीय वाहन सीजी-02-1385 को निष्प्रयोजित घोषित किए जाने के फलस्वरूप नीलामी हेतु सीलबंद निविदा 10 जनवरी 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित किए गए है।

### जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 63 पर नेलसनार की घटना

# अज्ञात लोगों ने किराना दुकान में लगाई आग, महिला जिंदा जली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 दिसंबर।** जिले के नेलसनार थाना के अंतर्गत नेशनल हाईवे 63 मेन रोड़ पर एक महिला सेवंती शिवहरे (38 साल) लगभग 10 वर्षो से अकेली किराना का दुकान चला रही है। मिली जानकारी अनुसार सासाहिक बाजार गुरुवार को भी महिला किराना के दुकान में रही। सूत्रों ने बताया कि आधी रात को महिला सेवंती शिवहरे अपनी दुकान पर सो रही थी इसी दरम्यान कुछ अज्ञात लोगों दुकान में आग लगाई, दुकान में अकेली सो रही महिला के भी जलने से मौत हो गई। सुबह सुबह इस घटना की जानकारी गांव के लोगों ने पुलिस को देने पर



नेलसनार से उप निरीक्षक नीलांबर नाग के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पहुंची। मामले की जांच कर मृतका के बहन कथन पर रिपोर्ट दर्ज किया गया। सब इंस्पेक्टर नीलांबर नाग ने बताया कि मृतका सेवंती शिवहरे का पोस्टमार्टम कराया गया है।इस मामले की जांच की जा रही है। सूत्रों ने यह बताया कि मृतका सेवंती शिवहरे का पति गीदम में रहते है, और एक बेटी जगदलपुर में सांइस कालेज में पढ़ती है। इस हृदय विदारक घटना के घटित होने का कारणों अभी पता नही चल पाया है। नेलसनार पुलिस का कहना है कि इस घटना पर त्वरित कार्रवाई व पड़ताल कर किसी नतीजे पर जल्द पहुंचेंगे। घटनास्थल किराना दुकान से एक लोहे पाना मिला है। इस घटना में पुलिस को संदेह है कि किसी अज्ञात लोगों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: 2061 लाभार्थियों ने शिविर के माध्यम से साझा किए अपने अनुभव




**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली डिजीटल रथ जिले के गांव-गांव पहुंचकर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है। इस दौरान गांवों में शिविर भी लगाये जा रहे है, जहां विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित भी कर रही है। इसी क्रम में अब तक जिले के 114 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये है, जहां 2061 ऐसे लाभार्थी शिविर के माध्यम से सामने आये जिन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला और उन्होंने मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से शिविर में उपस्थित अन्य लोगों को अपना अनुभव साझा करते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इसी तरह अब तक शिविर के माध्यम से 29 हजार 15 लोगों का स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से निःशुल्क स्क्रीनिंग किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करना है। इसको देखते हुए जिले के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-अलोला एवं विजयनगर, घरघोड़ा के पतरापाली एवं रूमकेरा, खरसिया के बरभौना एवं गुरदा, लैलूंगा के सरडेगा एवं पहाड़ लुड़ेग, पुसौर के बिंजकोट एवं एकताल, रायगढ़ के भगोरा एवं अड़भाल तथा विकासखण्ड तमनार के ग्राम-मौहापाली एवं बरपाली में किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आज अलग-अलग विभागों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं का स्टॉल लगाए गए थे। जहां मौके पर पात्र परिवारों को उज्जवला योजना का लाभ दिया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता प्रमाण-पत्र, तो कई लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड दिया गया। इसी तरह केन्द्र सरकार की विभिन्न 17 जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और उसका लाभ लेने के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और केन्द्र सरकार की जन हितकारी योजनाओं के बारे में जानने के साथ-साथ उसका लाभ भी उठाया।

### मेडिकल कैंप लगाकर की गई स्वास्थ्य जांच

इस दौरान शिविर आयोजन वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर शिविर में आए 29 हजार 15 लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई। जहां टीबी, गैर संचारी रोग, मधुमेह, सिकल सेल की स्क्रीनिंग की गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच कर दवाईयां दी गई।



सुभद्रा को मिला प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ

**चारामा, 30 दिसंबर।** विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जारी है। इसी क्रम में यात्रा शुक्रवार को ग्राम सिरसिदा पहुंची जहां केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभान्वितो ने अपने अनुभव ग्रामीणों के साथ साझा किए। ग्राम सिरसिदा की निवासी श्रीमति सुभद्रा साहू ने बताया कि जब वो गर्भवती थी तो स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति लेखा से जानकारी लेकर और सुपरवाइजर श्रीमति हर्षलता के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के लिए अपना पंजीयन कराया इससे उनको 5000 रुपए प्राप्त हुए। इस राशि का पूरा उपयोग सुभद्रा के द्वारा अपने और अपने बच्चे के पोषण पर किया गया साथ ही आंगनबाड़ी में मिलने वाले रेडी टू ईट आहार का उपयोग किया गया। इससे उनकी संतान जन्म के ही सुपोषित बाद रही और कुपोषण से उनको मुक्ति मिल सकी। इसके लिए सुभद्रा ने प्रधानमंत्री को मंच के माध्यम से धन्यवाद दिया विदित हो की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भारत सरकार के द्वारा संचालित एक मातृत्व लाभ योजना है जिसके तहत महिलाओं को आर्थिक मदद की जाती है। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को कुल 5,000 रू. की मदद प्रदान की जाती है । यह राशि विशेष मातृ और बाल स्वास्थ्य तथा पोषण से जुड़ी आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है।

## समाचार संक्षेप

### बीजापुर जिले के सुदूर एवं पहुँचविहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए मैदानी अमला सक्रिय



**बीजापुर 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला जिसका अधिकांश क्षेत्र वन एवं पहाड़ो से घिरा है जहां जगह-जगह नदी- नाले उबड़-खाबड़ रास्ते को पार करते हुए स्वास्थ्य अमला ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही जिले के उसूर ब्लाक के बड़े सुकनपल्ली क्षेत्र ऐसे ही दुर्गम पहाड़ों नदी-नालों और दुर्गम रास्तों के बीच बसा हुआ गांव है। फील्ड कोआडीनेटर (सेक्टर बासागुड़ा) कुमारी निर्मला मोड़ियम ने बताया कि बड़े सुकनपल्ली में गुरूवार को स्वास्थ्य जांच की टीम इस दुर्गम गांव में पहुंचकर ग्रामीणों, गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया एवं नियमित टीकाकरण हेतु प्रेरित किया। इस दौरान नए गर्भवती माताओं का पंजीयन भी किया गया। वहीं संस्थागत प्रसव के लाभ तथा शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने कुपोषित बच्चों को एनआरसी (पोषण पुर्नवास केन्द्र) में भर्ती के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा बीपी, शुगर, मलेरिया इत्यादि का जांच कर उपचार भी किया गया। स्वास्थ्य अमला में निर्मला मोड़ियम के साथ एएनएम लक्ष्मी कड़ती, रीतू, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का विशेष योगदान रहा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को बांटा गया स्वीकृति पत्र



**बीजापुर 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने व लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन ग्राम पंचायत तिमेड़ जनपद पंचायत भोपालपटनम में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। हितग्राहियों ने स्वीकृति पत्र मिलने के पश्चात खुशी जाहिए की और केन्द्र सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए एक वरदान है।नरेन्द्र झाड़ी ने ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' में बताया कि मेरी मां दृष्टिहीन है और मै कूली-मजदूरी कर जीवन-यापन करता हूं। मेरे लिए पक्की छत एक सपने जैसा था और मै एक टूटी-फूटी झोपड़ी में निवासरत हूं। जिसमें बरसात के दिनों में पानी भर जाता हैं परंतु मुझे वर्तमान में योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवास की स्वीकृति मिली है मेरे द्वारा आवास का निर्माण जल्द ही पूर्ण कर गृह प्रवेश किया जाएगा। मेरे खुशी का ठिकाना नहीं है और मै शासन- प्रशासन को धन्यवाद करता हूं।

### व्यय प्रेक्षक मनेन्दर ने विधानसभा बीजापुर के सभी अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय एवं लेखा का किया मिलान



**बीजापुर 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री मनेन्दर (आईडीएएस) ने बीजापुर विधानसभा के समस्त अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय और लेखा संबंधी विवरणी की जांच कर व्यय एवं लेखा का मिलान किया। व्यय अनुवीक्षण सेल द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय की विस्तृत जानकारी पर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों ने सहमति दी। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल, नोडल अधिकारी श्री दिलीप उईके सहित सभी अभ्यर्थीगण एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद थे।

### 3 से 5 जनवरी तक आवास हितग्राहियों का पात्रता परीक्षण हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**बीजापुर 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लंबित 18 लाख आवास स्वीकृति हेतु प्रथम मंत्री परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है।जिला बीजापुर में आवास प्लस और पीडब्यूएल अंतर्गत सर्वेक्षित परिवारों की सूची उपलब्ध है तथा राज्य शासन द्वारा 03 जनवरी से 05 जनवरी 2024 तक जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में योजनांतर्गत सर्वेक्षित सूची के पात्रता का निर्धारण किये जाने हेतु कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने पत्र जारी करते हुए प्रसारित करने हेतु जनपदों को आदेशित किया है।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न

**बीजापुर 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 हेतु पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण 27 एवं 28 दिसम्बर को कलेक्टोरेट में आयोजित हुआ प्रथम दिवस 27 दिसम्बर को दो चरणों में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रथम पाली में उसूर एवं भोपालपटनम, द्वितीय पाली में भैरमगढ़ एवं बीजापुर एवं 28 दिसम्बर 2023 को द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण में कुटरू, गंगालूर एवं नारायणपुर जिले के मतदान केन्द्रों के बीएलओ उपस्थित हुऐ। उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण में समस्त बीएलओ एवं सुपरवाईजर को मास्टर ट्रेनर द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 सहित बीएलओ एप्प में कार्य का निराकरण करना उसकी एंट्री के बारें में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उनके शंकाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डीएसई एवं पीएसई की संख्या एवं फार्मेट मतदान केन्द्रवार छायाप्रति आयोग द्वारा प्रदत्त सॉफ्टवेयर से प्रिंट किया हुआ समस्त बीएलओ को प्रदाय किया गया।

# मुख्यमंत्री ने बिरहोर परिवारों से चर्चा कर जाना उनका हाल

**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सबसे पिछड़ी विशेष जनजातियों के समुचित विकास के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन योजना की जमीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के ग्राम भुईयापानी पहुंचे। उन्होंने यहां छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल बिरहोर परिवारों से रूबरू होकर उन्हें इस योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बिरहोर परिवारों से अलग-अलग बातचीत कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित मूलभूत सुविधाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आप सभी के विकास के लिए सबसे ज्यादा ध्यान देते हैं। इसके लिए उन्होंने जो जनजातियां विशेष रूप से पिछड़ी हैं उनके लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। इसका लाभ आप लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसे जानने मैंने आप लोगों के बीच भुईयापानी आने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों में बिरहोर जनजाति भी शामिल है। आज बिरहोरों की संख्या बहुत कम है, रायगढ़ जिले में इनकी जनसंख्या करीब 1100 है। पीएम जनमन योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ आयुष्मान कार्ड, उज्वला योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों को मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना में आप लोगों के लिए गैस चूल्हा से लेकर मकान तक सारी योजना सरकार के पास हैं, हम इनका लाभ आप सभी को देंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत उज्वला योजना में गैस कनेक्शन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान भारत योजना का कार्ड वितरित किए।

### आठवीं तक पढ़ी बिरहोर युवती



### मुख्यमंत्री ने रोजगार उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मिलने पहुंची उर्मिला से उन्होंने पूछा कि सरकार की किन योजनाओं का लाभ मिला है। उर्मिला ने बताया कि उसका राशन कार्ड अभी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अगले पांच सालों तक निःशुल्क चावल देने का निर्णय लिया है। उर्मिला से मुख्यमंत्री ने पूछा कि पढ़ाई कहां तक हुई है। उर्मिला ने बताया कि आठवीं तक पढ़ी हूँ। मुख्यमंत्री ने इस पर बहुत खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि बिरहोर आबादी इस जिले में 1100 के आसपास है। सरकार के साथ ही वनवासी कल्याण आश्रम ने भी शिक्षा के लिए काफी काम किया है। मुझे खुशी है कि हम लोग भी इस दिशा में कार्य करते थे क्योंकि आगे बढ़ने के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को कहा कि उर्मिला ने विषम परिस्थितियों के बाद भी आठवीं तक की पढ़ाई कर ली है, अब इसके रोजगार की व्यवस्था कीजिए।

### घासीराम से मुख्यमंत्री ने की बातचीत, कहा-आयुष्मान कार्ड बन गया है तो उपचार की कोई चिंता नहीं

मुख्यमंत्री श्री साय ने घासीराम से भी चर्चा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में घासीराम से पूछा। घासीराम ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे दस लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज हो जाएगा। घासीराम से मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अधिकारी आपके पास आते रहेंगे। आपको किसी भी तरह की समस्या हो, उन्हें बताइये, वे इसे अवश्य हल करेंगे।

### नन्हीं अंजू को दुलारा, कहा खूब पढ़ाई करो बेटा

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित बिरहोर जनजाति के लोगों को उपहार भी



भेंट किए। उन्होंने नन्हीं अंजू से बात की और उसे पास बुलाकर दुलारा। उन्होंने अंजू से पूछा कि वो कौन सी क्लास में पढ़ती है। अंजू ने बताया कि वो दूसरी कक्षा में है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बिरहोर समुदाय के लोगों से कहा कि बच्चों को खूब पढ़ाइये। जितना ज्यादा पढ़ेंगे, ये बच्चे उतनी ही तरक्की करेंगे।

### बिरहोर जनजाति के हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

भुईयापानी में आज बिरहोर जनजाति के घासीराम बिरहोर, बिमला बिरहोर, सुकनी बिरहोर एवं किरण बिरहोर के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इस तरह किरण बिरहोर, करीना बिरहोर, कन्दरू बिरहोर, सुनीता बिरहोर एवं आकाश बिरहोर के आधार कार्ड बनाये गये। साथ ही उर्मिला बिरहोर, सुकनी बिरहोर, सजाराम बिरहोर, अनिता बिरहोर, पंचराम बिरहोर एवं परमिला बिरहोर के राशन कार्ड बनाये गये। फुलवती बिरहोर, नान्हीबाई बिरहोर एवं सोहरिन बिरहोर के उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन के कार्ड बनाए गए। सुकनी एवं नान्हीबाई बिरहोर के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए।गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाना है। इन योजनाओं में पक्के घर, पक्की सड़क, नल से जल-समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण (ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से), वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास शामिल हैं। इन सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन मिशन मोड में तीन वर्ष की अवधि में पूर्ण कर सभी बसाहटों को आवश्यकतानुसार अधोसरंचनात्मक रूप से सुदृढ़ बनाना है।

### जब बिरहोर बच्ची ने दिल जीत लिया मुख्यमंत्री का

रायगढ़, 30 दिसम्बर । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय रायगढ़ जिले के अंतिम छोर पर लैलूंगा के भुईयापानी में बिरहोर परिवारों से मुलाकात के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने सभी का हाल चाल जाना।

मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात करने बिरहोर परिवार के बच्चे भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान बच्चों को उपहार दिया और उनसे भी बातें की। इस दौरान नन्ही अंजू बिरहोर से जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूछा कि बड़ी होकर क्या बनोगी, अंजू ने मुस्कान के साथ कहा कि मैं स्कूल की मैडम बनूंगी, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा शाबाश। उन्होंने बच्ची के पिता से कहा कि बिटिया को खूब पढ़ाए। शासन की योजनाओं का लाभ भी बच्ची को पढ़ाई में मिलेगा।

### मुख्यमंत्री ने ग्राम भुईयापानी में भगवान शिव और बजरंगबली के दर्शन किए



**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय रायगढ़ जिला तहसील लैलूंगा के भुईयापानी ग्राम में गुरुबाबा स्व.श्री धनपती पंडा द्वारा स्थापित भगवान शिव और बजरंगबली के दर्शन के लिए पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव और बजरंगबली से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर आगमन पर भुईयापानी ग्राम के लीला पार्टी के सदस्यों द्वारा ढोलक, शंख और मंजीरा बजाते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशलया देवी साय, चचेरी बहन श्रीमती शांता साय व अन्य परिजनों के साथ पहुंचे और ओम नमः शिवाय के मंत्रोचार के साथ मंदिर की परिक्रमा लगाई। मंदिर प्रांगण में भगवान बजरंगबली की मूर्ति पुराने वट वृक्ष के नीचे स्थापित है और विशालकाय प्रतिमा भी बनाई गई है। साथ ही सन 2009-10 में गुरुबाबा स्व.श्री धनपती पंडा के मार्गदर्शन में भक्तों द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले भगवान बजरंगबली फिर गुरु बाबा और गुरु मां की प्रतिमा और भगवान शिव के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। क्षेत्र में सत्य सनातन धर्म देवी संत समाज की स्थापना भी गुरु बाबा द्वारा की गई है।

एक नजर

## जिला कोषालय अधिकारी केके दुबे को दी गई विदाई



बलौदाबाजार, 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर शुक्रवार को विदाई समारोह में अधिकारी -कर्मचारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर दुबे को शाल, श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथ उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की गई। करीब 40 वर्ष तक वित्त विभाग में विभिन्न पदों पर अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए दुबे जिला कोषालय अधिकारी के पद से सेवा निवृत्त हुए। इस अवसर अधिकारी -कर्मचारियों ने दुबे के व्यक्तित्व, स्वभाव एवं उनके कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सहज, सरल व काम के प्रति तत्पर अधिकारी के रूप में निरूपित किया । दुबे अपने विभागीय कार्य में दक्ष होने के साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग में भी आगे रहते थे। अधीनस्थ कर्मचारियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्सहित करते रहते थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे, डिप्टी कलेक्टर द्वय आरआर दुबे, अरुण कुमार सोनकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कैम्पस इंटरव्यू 2 जनवरी को

बलौदाबाजार, 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में द-प्लेसर अंतर्गत मारुती सुजुकी मोटर्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 2 जनवरी 2024 को सत्र 2022-23 में एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसायों फिटर, मेकेनिक डीजल, मोटर मेकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल्स एण्ड डाईमेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रेक्टर मेकेनिक एवं पेंटर जनरल में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिये कैम्पस इंटरव्यूह का आयोजित किया गया है। सत्र 2022-23 तक उपरोक्त व्यवसायों में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों केम्पस इंटरव्यूह में अधिक से अधिक संस्था में उपस्थिति होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सके। विस्तृत जानकारी शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार से प्राप्त कर सकते है।

# अयोध्या के साथ ही छग का ग्रामीण अंचल भी राममय : नरेंद्र तिवारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 30 दिसम्बर। मोदी है तो मुमकिन है वाली बात आज एक सौ एक फ़ीसदी सही साबित हो रहा है अयोध्या में भव्य राम मंदिर एक सपना था जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपना को सकारात्मक कर दिया जिसके चलते गावों के हर घरों में नव निर्मित राममंदिर में भगवान राम लला विराजमान होगें जिसका निमंत्रण देने के लिए लोग स्वमेव आगे आ रहे हैं।नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं होता तो रामलला तंबू में ही रहते, नरेंद्र मोदी का प्रधान मंत्री बनना भारत को विश्व गुरु बनाने एवं सनातनियों को गर्व के साथ जीने के लिए बना है।मोदी एक ऐसा प्रधान मंत्री हैं जिस पर देश के साथ अन्य देशों के लोगों को गर्व है, मोदी ने विज्ञान, औद्योगीकरण, आर्थिक क्षेत्र, के साथ देश को विकास की ओर आगे ले जाने वाले पहले प्रधानमंत्री में है, गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों की चिंता करना वाले महामानव है, भाजपा नेता



नरेंद्र तिवारी आगे कहां कि छत्तीसगढ़ की जनता को मोदीजी ने जो गारंटी दिया वह सब सरकार बनते ही राज्य के मुख्यमंत्री ने पूरा करने में लगे हुए हैं, मोदीजी ने छत्तीसगढ़ राज्य को आदिवासी मुख्यमंत्री देकर आदिवासी समुदाय को सम्मानित किया है, भाजपा सभी देशवासियों का सम्मान और विकास पर विश्वास करती है भाजपा की गारंटी है कि भाजपा में छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को कभी भी जिम्मेदारी मिल सकता है विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री या संगठन के पदो में जो अन्य राजनीतिक दल में संभव नहीं है।भाजपा अंतिम छोर पर खड़े अपने कार्यकर्ताओं तक नजर रखती है जिसके कारण आज भारत के सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है, कांग्रेस मुक्त भारत बनने चला है 2024 के चुनाव में मोदी-शाह-नड्डा का जादू चलेगा मोदीजी पुनः प्रधानमंत्री बनेगा।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को मिली राष्ट्रीय गणित सम्मेलन की मेजबानी

## सम्मेलन के आयोजन के संबंध में स्कूल प्रबंधन व गणितज्ञों ने दी जानकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा, 30 दिसम्बर। खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 30 व 31 दिसम्बर 2023 को दो दिवसीय 17वाँ नेशनल मैथ्स कन्वेंशन का ऐतिहासिक आयोजन किया गया है। अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल इस अद्भुत एवं ऐतिहासिक राष्ट्र स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी की मेज़बानी करेगा। यह अविस्मरणीय नेशनल मैथ्स कन्वेंशन विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। जिला बलौदाबाजार, भाटापारा के इतिहास में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पहला ऐसा विद्यालय होगा जहाँ पहली बार राष्ट्रीय स्तर का मैथ्स कन्वेंशन (गणित सम्मेलन) कराया जा रहा है।

आपको बता दें कि गणित के इस विशाल सम्मेलन में इसरो के दस से अधिक वैज्ञानिक जैसे- आनंद कुमार पद्मश्री, फाउंडर ऑफ़ सुपर 30, ध्रुव कुमार तिवारी- डायरेक्टर दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल इंदौर, चंद्रमौलि जोशी चेयरमैन- ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब, बी एन राव- मैथ्स गुरु, दिलीप भट्ट- साइंटिस्ट इसरो, गौरव टेकरीवाल- फाउंडर एंड प्रेसिडेंट वैदिक मैथ्स फॉरम ऑफ़ इंडिया, जे जे रावल- इंडियन सीनियर साइंटिस्ट गुजरात, सुनील वानखेडे- नेशनल प्रेसिडेंट हर घर बाल कलाम साइंटिस्ट इंडिया, एम एन कडापट्टी- इंडियन मैथमेटिशियन कर्नाटक, के के दीक्षित- गणितज्ञ व दार्शनिक,

श्री सी के घोष- प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री, कोलोनल आर रामाराव- अश्विनी कुमार गर्ग- एनसीईआरटी प्रोफेसर एंड हेड मैथ भोपाल आदि, दिनांक- 29-12-2023 को ही विद्यालय प्रांगण में उपस्थित हो चुके हैं। एक फेस-कॉन्फ्रेंस में इसरो के प्रबुद्ध वैज्ञानिक डॉ दिलीप भाई भट्ट जी ने बताया कि किस प्रकार इसरो के वैज्ञानिक चंद्र ग्रह पर भेजे गए चंद्रयान को वापस धरती पर लाने जैसे विषय पर शोध कर रहे हैं। ज्ञात हो कि डॉ दिलीप भाई भट्ट पूर्व राष्ट्रपति महामहिम एपीजे अब्दुल कलाम के साथ कई सालों तक कार्य कर चुके हैं। इसी कड़ी में डॉक्टर गौरव टेकरीवाल ने वैदिक गणित को कैसे बड़ी सहजता से हल किया जाए इस संबंध में अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। ज्ञात हो कि वैदिक गणित के इस प्रकरण पर माननीय प्रधानमंत्री से पिछले महीने ही आपकी चर्चा हो चुकी हैं। शेष अन्य विद्वानों नें भी अपने-अपने अनुभव क्षेत्र से संबंधित रोचक जानकारियाँ दीं। चंद्रमौलि जोशी (चेयरमैन ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब) इस पूरे महासम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। 30 दिसम्बर 2023 को शुरू होने वाले इस इवेंट में देश के लगभग सभी राज्यों के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थी तथा उनके सलाहकार भाग लेंगे। इस दो दिवसीय नेशनल मैथ्स कन्वेंशन में लगभग 1200 से 10, 000 दर्शकों के उपस्थिति की आशा जताई गई है। 30 दिसम्बर 2023 को सुबह 10 बजे कार्यक्रम की ओपनिंग सेरीमनी (उद्घाटन) प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट के कुशल नेतृत्व में होगा। शाम को 6 से 8 बजे कल्चरल इवेंट (सांस्कृतिक कार्यक्रम) होगा जिसमें विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थी अपने-अपने राज्यों के पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी करेंगे। 31 दिसम्बर 2023 को अपराह्न 3 बजे क्लोजिंग सेरीमनी का आयोजन किया गया है। बाहर से आ रहे विद्यार्थियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था विद्यालय में ही की गई है। इस महासम्मेलन के सकुशल सफलता के लिए प्रबंधक अश्विनी शर्मा एवं संदीप गोयल, विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध भी किया। प्रबंतंत्र, प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के सभी शिक्षक कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार करने में पूरी शिद्दत के साथ जुटे हुए देखे गए।

समाचार संक्षेप

## बलौदाबाजार-भाटापारा जिला की निरुपा साहू बनी महिला ड्रोन पायलट



कसडोल, 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हमारा देश कृषि प्रधान देश है तथा कृषि के क्षेत्र में दिन - प्रतिदिन नई-नई तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी संदर्भ में बलौदाबाजार - भाटापारा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव -गांव में शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कृषि विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनों यूरिया का छिड़काव करने का प्रदर्शन किया जा रहा है। जो कि कृषको के मध्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कृषि विभाग द्वारा जिले में ड्रोन प्रदर्शन का कार्य एनएफएल कंपनी को आबंटित किया गया है जिनके द्वारा हैदराबाद के ड्रोन तथा प्रशिक्षित पायलटों के द्वारा कृषकों के खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव करने का प्रदर्शन कर, इस संबंध में कृषकों को विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। ज्ञात हो कि ड्रोन के माध्यम से केवल 10 लीटर पानी में 7 से 10 मिनट के भीतर एक एकड़ के फसल में नैनों यूरिया या अन्य दवा का छिड़काव किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से नैनों यूरिया का छिड़काव करने से लगभग 90 प्रतिशत पानी के साथ-साथ समय की भी बचत होती है एवम मजदूर की समस्या से भी बचा जा सकता है। शासन की मंशा के अनुसार यह तकनीक कृषि कार्य को गति प्रदान करेगा, साथ ही कृषकों के उन्नति में भी सहयोग प्रदान करेगा। बलौदाबाजार -भाटापारा जिले में इफ्को कंपनी द्वारा 3 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में तैयार किया गया है। ड्रोन पायलट के रूप में निरुपा ( नीरु ) साहू ग्राम लाहौद, जिया यदु ग्राम तरेंगा, मालती साहू सुहेला ने ग्वालियर से 15 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा ये शीघ्र ही जिले को अपनी सेवाएं देंगी। इफ्को कंपनी द्वारा इन महिलाओं को ड्रोन प्रदान किया जाएगा जिससे वे कृषको की मांग के अनुसार उनके खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया या अन्य दवा का छिड़काव कर सकेंगी।

## आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने भारत दीवान को श्रद्धांजलि दी



छुरा, 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला गरियाबंद के विकास खण्ड फिंगेश्वर के आश्रित ग्राम जेंजरा निवासी छ ग सर्व आदिवासी समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष भारत दीवान का स्वास्वथ्य गत कारणों से आकस्मिक निधन होने पर राजधानी रायपुर में आयोजित प्रांतीय बैठक में सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों के द्वारा दो मिनट की मौन रखकर शोक संतप्त व्यक्त करते हुए श्रद्धा पूर्वक विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात दशगात्र के दिन स्वर्गीय भारत दीवान के गृह ग्राम जेंजरा पहुच कर शोक में डुबे परिवार जनों को ईश्वर से प्रार्थना कर ढ़ाढ़स बाँधवाते हुए दुख को सहन करने की कामना की ।वही भारत दीवान के मृत्यु पश्चात प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह ने जिला अध्यक्ष के पद रिक्त होने कारण अगामी चुनाव के होते तक जिला गरियाबंद के छग सर्व आदिवासी समाज के जिम्मेदारी वर्तमान में प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर को कमान सौपी है जो जिला में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अर्थात संयोजक बतौर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। सामाजिक संगठन के नये जिम्मेदारी को ठाकुर ने स्वीकार करते हुए प्रांतीय पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हर संभव प्रयास करते हुए संगठन में और बेहतर मजबूती लाने का आश्वस्त किया ।इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष पूर्व एस पी भरत सिंह, प्रदेश संयोजक पूर्व कलेक्टर बी पी एस नेताम, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पूर्व एस डी एम फूलसिंग नेताम महासचिव पूर्व कलेक्टर हीरा लाल नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर, दीवान समाज अध्यक्ष सोनू राम दीवान, समाज प्रमुख युवराज दीवान, सरपंच संघ छुरा अध्यक्ष लेखराज धुरवा सरपंच बाबू लाल ध्रुव, छग सर्व आदिवासी समाज जिला के युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष व सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव, युवा प्रमुख नरेन्द्र ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, स्वर्गीय भारत दीवान के ज्येष्ठ सुपुत्र रुग्न दीवान, अनुज द्वय मनोज, लोकेन्द्र, जितेन्द्र दीवान, प्रेम लाल, उद्धव, गौरव सहित सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पद्मावती के महाभिषेक के साथ पंच दिवसीय अभिषेक महोत्सव का शुभारंभ



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



तिल्दा नेवरा, 30 दिसम्बर। षष्ठम ब्रह्मोत्सव महोत्सव के उपलक्ष में पावन श्री राम कथा एवं महा लक्ष्मी पद्मावती के महाभिषेक के साथ पंच दिवसीय अभिषेक महोत्सव का शुभारंभ हुआ दक्षिण भारत से आए हुए आचार्यों ने भव्य मंडप सजाकर अंकुरारोपण विधि सम्पन्न करने के पश्चात दूध दही घी शहद शर्करा विविध फलों के रस से भगवती पद्मावती का महाभिषेक संपन्न कराया जिसमें पूज्य जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने बताया कि महालक्ष्मी पद्मावती की महिमा का बखान करते हुए बताया कि सम्पूर्ण विश्व को ऐश्वर्य प्रदान करने वाली पद्मावती के महाभिषेक करने से दुःख दरिद्रता दूर हो जाती है अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता श्री कृष्ण मुरारी महाराज ने श्री राम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा किया कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी देश के राजा और महाराजाओं को निमंत्रण पत्र भेजा। एक-एक कर लोगों ने धनुष उठाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम ने धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवता फूलों की वर्षा करने लगे घनश्याम अग्रवाल के द्वारा रोज भंडारा प्रसाद की सेवा चल रही है।

# प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में सीएम का स्वागत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कसडोल, 30 दिसम्बर। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक की बैठक हुई। जिसमें कसडोल से प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू सम्मिलित हुई ! नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद, प्रथम प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में नये प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव का भव्य स्वागत किया गया। आज के इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पदाधिकारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय का भी मार्गदर्शन प्रदेश पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ है। उक्त बैठक में सभी भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विधायक गण एवम सांसद गण भी उपस्थित रहे।

# लोगों से गाली-गलौज करते युवक पकड़ाया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 30 दिसम्बर। बलौदाबाजार पुलिस ने लोगों से गाली-गलौज कर रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मांमले का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 28 दिसम्बर को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि अभिषेक सराफ उर्फ रोमी पिता सुशील सराफ गांधी चौक बलौदाबाजार का जिन्हे माननीय जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा एक वर्ष कालावधि के लिए जिला बदर किये है जो गांधी चौक बलौदाबाजार में लोगों को गाली गुफ?तार कर रहा है डरा धमका रहा है कि सूचना से गवाहों को अवगत कराकर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के गांधी चौक बलौदाबाजार गया तो देखा अभिषेक सराफ उर्फ रोमी गांधी चौक में आने जाने वाले लोगों को गाली गुफ्तार कर डरा धमका रहा था जिन्हे जिला बदर होने एवं बलौदाबाजार में घुमने के संबंध में पुछने पर मैं अपने मर्जी का मालिक हूं मैं किसी आदेश को नही मानता जाहां चाहे घुम सकता हूं कहकर बोला, आरोपी को जिला बदर स्थगन आदेश के संबंध में धारा 91 जाफौ0 का नोटिस दिया जो कोई आदेश नही होना लिखकर दिये । आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14, 15 का घटित करना पाये जाने से विधिवत आरोप बताकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है । उपरोक्त कार्यवाही में सउनि मेघनाथ बंजारे, आर0 1014 नंद कुमार कांत एवं पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

## जिले में ड्रोन से किया जा रहा है नैनो यूरिया का छिड़काव

बलौदाबाजार, 30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कृषि विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव प्रदर्शन किया जा रहा है, जो की कृषकों के मध्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कृषि विभाग द्वारा जिले में ड्रोन प्रदर्शन का कार्य एन एफएल कंपनी को आबंटित किया गया है जिनके द्वारा हैदराबाद के ड्रोन तथा प्रशिक्षित पायलट द्वारा कृषकों के खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन कर इस संबंध में कृषकों को विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। ज्ञात हो की ड्रोन के माध्यम से केवल 10 लीटर पानी से 7-10 मिनट के भीतर एक एकड़ के फसल में नैनो यूरिया या अन्य दवा का छिड़काव किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव करने से लगभग 90 प्रतिशत पानी के साथ साथ समय का भी बचत होता है, एवं मजदूर की समस्या से भी बचा जा सकता है। शासन के मंशा अनुसार यह तकनीक कृषि कार्य को गति प्रदान करेगी।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव(छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202312032100047
अ/6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक नितेश मंडावी पिता शत्रुहन मंडावी जाति गोंड निवासी कालका पारा वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ. ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक की नानी फिरोबाई बेवा बोहरन के नाम पर कालका पारा स्थित भूमि शीट कमांक 07 भूखण्ड कमांक 2149/5 बी पर पक्का लेंटर युक्त मकान बना हुआ है जिस पर फिरोबाई अपने नाती नितेश के साथ निवास करते हुए कालकापारा स्थित मकान में 27/09/2012 को मृत्यु को प्राप्त हो चुकी है। आवेदक नितेश 02 वर्ष का था तब फिरोबाई ने आवेदक के पिता शत्रुहन पिता हिरामन जाति गोंड के समक्ष प्रस्ताव रखा की वह निः सन्तान है और वह नितेश को अपने पुत्र के जैसा मानतें हुए गोद लेना चाहती है जिस पर आवेदक नितेश के माता पिता ने प्रस्ताव को मानते हुए गोद लेना चाहती है जिस पर अपनी पूर्ण सहमति प्रदान की तंब गोंड समाज के रीति रिवाज अनुसार फिरोबाई ने नितेश को गोद लिया तथा दिनांक 29/05/1995 को रजिस्टर्ड गोदनामा निष्पादित कराया गया। अतः आवेदक कालका पारा डोंगरगढ़ स्थित पक्का मकान भूखण्ड क्रमांक 2149/5 बी पर फिरोबाई का नाम विलोपित कर आवेदक नितेश मंडावी का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 22/01/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 21/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
डोंगरगढ़


### पूर्व जिला पंचायत सभापति मुरारी मिश्रा ने निकाली जन चेतना पदयात्रा

# पदयात्रा के समापन के बाद कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 30 दिसम्बर। मुरारी मिश्रा (पुर्व जिला पंचायत सभापति) जी के शराब छोड़ाबो गांव बचाबो जन चेतना पदयात्रा के 5 वां दिन सुबह ग्राम रवान से पदयात्रा निकल कर शराब से बर्बाद होते घर परिवार एवं विनाश की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़ के गांवों के बारे में अलग अलग पाम्प्लेट बांटते हुए परसाभदेर, भाटागांव होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां गांव गांव में बिक रहे अवैध शराब के खिलाफ ज्ञापन और मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को शराबबंदी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और एवं गांव में अवैध शराब बेच रहे कोचियों के नाम की सुची पुलिस कप्तान बलौदाबाजार को सौंपी गई।0 पदयात्रा के दौरान गांवों में आने वाली मुलभुत समस्या पर भी बात रखी ग?इ और बलौदाबाजार-भाटापारा मार्ग की बदहाली के कारण हो रही दुर्घटना एवं समस्या पर निराशा व्यक्त करते हुए शीघ्र इस पर कार्यवाही करने के लिए कहा गया, साथ में विभिन्न गांवों से आये महिलाओं ने भी अपने गांव के शराब कोचियों की शिकायत की। उक्त कार्यक्रम में टेक सिंग ध्रुव, देवनारायण बंधे, पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र अहीरवार, नानक लहरे, रीखी राम वर्मा, हीरा सिंग ध्रुव, राजेश यादव, विष्णु प्रसाद साहू, लोकनाथ साहू, समारू यादव, गोविंद साहू हुरु साहू, सरस्वती वर्मा, प्रमिला ध्रुव, लक्ष्मी वैष्णव, रमा ध्रुव, लक्ष्मी वर्मा, मिथिला ध्रुव, विष्णु कोशले, मेघनाथ ध्रुव, मालिकराम यादव, विवेक वर्मा, पुनीत कुमार, मुकेश रजक, पुष्पेन्द्र वर्मा, जतिन भसगौरी, ओमेशकांत दीपक यादव, राजा यादव, कामदेव वर्मा, संजीव यादव, कृष्ण ध्रुव, वासु साहु, एवं बहुत संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पदयात्रा समापन अवसर पर कलेक्टर, एसपी को ज्ञापन सौंपा।



# प्रदेश में सरकार बदलते ही शराब ठेकेदारों का सिंडीकेट पुनः सक्रिय

## शराब की कीमतों पर नियंत्रण पाने सरकार करेगी उपाय

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** नई सरकार बनने के बाद अब शराब बेचने वाले समूहों का सिंडीकेट एक बार फिर सक्रिय हो गया है। नई शराब नीति नए वर्ष के मार्च माह में घोषित की जाएगी। लेकिन जिस तरह से शराब ठेकेदार एकजुट हो गए हैं उससे लगता है कि एक बार सिंडीकेट फिर सत्ता के गलियारों में सक्रिय हो गए हैं।

नए मुख्यमंत्री ने विभागों के बंटवारे में आबकारी विभाग अपने पास रख लिया है। पत्थलगांव की राजनीति में जो लोग सक्रिय हैं उनमें शराब ठेकेदार भी हैं। शराब ठेका बंद होने पर वे रियल स्टेट के कारोबार में लगे हुए हैं। पिछली सरकार में सरकार द्वारा शराब बेचने का निर्णय लिया था। भूपेश सरकार में इसमें काफी घोटाला हुआ। शराब दुकानों में अवैध चखना सेंटर चलाया जा रहा था। इतना ही नहीं नकली होलोग्राम के माध्यम से अवैध शराब बेची जा रही थी जिससे सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति हुई है। आबकारी विभाग के अनुसार सरकार द्वारा शराब बेचने पर एक्साइज ड्यूटी हाफ लगती है। जिससे सरकार को आर्थिक क्षति पहुंच रही है। भूपेश सरकार ने झारखंड सरकार के साथ भी शराब बेचने का एक समझौता किया था जिससे राज्य में घटिया शराब आने लगी थी। हाल ही में ओडिशा की चर्चित शराब जेब्रा का भी आयात किया जाने लगा। इसको लेकर आबकारी विभाग तथा पिछली सरकार के सत्ताधीश घेरे में आ गए थे। बताया जाता है कि कई नामचीन शराब उत्पादकों ने इस आशय की शिकायत ऊपर तक की है। कुछ लोगों का मानना है कि ओडिशा के शराब व्यापारी के घर आयकर का छापा पड़ा था उसमें कांग्रेस के रसूखदारों का नाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री अब इस पूरे सिस्टम को सुधारना चाहते हैं।

प्रदेश में महंगी व घटिया शराब बिक रही है। वर्तमान में आबकारी विभाग के अंतर्गत शराब खरीदने और वितरण करने के लिए ब्रेवरेज कारपोरेशन बनाया गया है। जो कि भ्रष्टाचार का जड़ बन चुका है। यहां पर अनेक विभागों के अधिकारियों को सक्रिय किया गया है जो कि देश की घटिया कंपनियों से शराब खरीदी-बिक्री करते हैं। इस पूरे काम में प्लेसमेंट एजेंसी का सहारा लिया जा रहा है जिसके कारण आबकारी विभाग निकम्मा साबित हो रहा है। शराब की दरों पर कोई नियंत्रण नहीं है। प्रति वर्ष देशी-विदेशी शराब समूहों का ठेका मार्च माह में होता है। नई सरकार अब इसको लेकर क्या फैसला करेगी यह तो वक्त ही बताएगा।

# शंखध्वनि के साथ स्वस्तिवाचन कर सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने बृजमोहन अग्रवाल को दी बधाई



**रायपुर 30 दिसंबर।** दक्षिण विधानसभा छेत्र के विधायक एवम केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन बृजमोहन अग्रवाल से उनके निवास स्थान मौलश्री वीआईपी रोड में सरयूपारीण ब्राह्मड समाज के अध्यक्ष डा सुरेश शुक्ला जी के नेतृत्व मे समाज के वरिष्ठ जनों ने आज मुलाकात कर उनका शाल श्रीफल सम्मान कर बधाई दी ।इस अवसर पर समाज के विद्वान आचार्य प.यदुवंशमणि त्रिपाठी एवम एवं अन्य11 आचार्यों द्वारा शंखनाद के साथ स्वस्तिवाचन कर तिलक लगा अभिनंदन कर बधाई दी गई।

इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के सर्व अजय तिवारी ,प्रेम शंकर तिवारी, राममूरत तिवारी, डी यस परोहा, मित्रेश दुबे, आर एल द्विवेदी, कैलाश तिवारी, दिनेश मिश्रा, आचार्य यदुवंश मनी त्रिपाठी ,संगम लाल त्रिपाठी, विजय मिश्रा, संदीप जी , राजकुमार दुबेजी ,बिमलेंद्र तिवारी,राजेश त्रिपाठी, राजेन्द्र शर्मा, विजय शंकर पान्डेय, दशरथ शुक्ला ,धीरेन्द्र शुक्ला , गौतम ओझा , उपेन्द्र त्रिपाठी , संजीव गौतम , मथुरा प्रसाद तिवारी राजकुमार दुबे, रामहृदय तिवारी,एवम अन्य लगभग 50 सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीमारी के उपचार का झांसा देकर ठगी

**रायपुर, 30 दिसंबर।** राजधानी रायपुर के कोतवाली और टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग लोगों को उनकी बीमारी का उपचार करने का झांसा देकर सम्मोहन (हिप्नोटाइज) कर ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में लिया है। साथ ही ठगी के लगभग दो लाख रुपये बरामद किए गए हैं। वहीं, घटना में शामिल अन्य ठगों की पुलिस तलाश कर रही है। ये बुजुर्ग और महिलाओं को उनकी बीमारी ठीक करने का झांसा देकर ठगी करते थे। पुलिस ने गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में राजस्थान से आकर रह रहे आरके पठान उर्फ सलाउद्दीन को हिरासत में लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग रामगोपाल ब्यास के मुताबिक मंगलवार को वह सुबह सब्जी खरीदने शास्त्री बाजार गए थे। वापसी के दौरान एक लड़का उनके पास पहुंचा और बुजुर्ग को उनके पैरों में तकलीफहोने बात कही। इसके बाद उसने उपचार के लिए अपने परिचित डाक्टर का नाम बताया। डाक्टर द्वारा घर आकर इलाज करने का झांसा दिया। बुजुर्ग ने झांसे में आकर अपने घर का पता बता दिया। इसी तरह ठगों ने टिकरापारा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को इसी तरह से भी ठगी की है। कथित डाक्टर बुजुर्ग के पैरों का इलाज करने घर पहुंचा। उस दौरान बुजुर्ग घर में अकेला था और घर में काम करने वाली बाई थी। ठग ने दवा की एक पर्ची तैयार कर दवा लेने नौकरानी को कृष्णा कांप्लेक्स स्थित एक मेडिकल दुकान में भेजा। इसके बाद उसने बुजुर्ग को सम्मोहित कर इलाज करने के नाम पर कैश एक लाख 80 हजार रुपये नकद ले लिया। ठग ने किसी कैमिकल का इस्तेमाल कर बुजुर्ग को अर्ध बेहोशी की हालत में लाकर ठगी का शिकार बनाया।

### कांग्रेस की जांच कमेटी करेगी मठपुरैना सामूहिक आत्महत्या मामले की पड़ताल

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस की सात सदस्यीय टीम जांच करने वाली है। जांच कमेटी में विकास उपाध्याय के अलावा 6 अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है जो कि मृतकों के आसपास रहने वाले लोगों से बातचीत कर मामले की जानकारी जुटाएगी। मठपुरैना बीएसयुपी कॉलोनी मे हुए सामूहिक आत्महत्या के संदिग्ध प्रकरण की जांच के लिए पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के संयोजन में 6 सदस्य कमेटी का गठन किया है । मिली अब तक की जानकारी के मुताबिक लखनलाल सेन का परिवार सहित आत्महत्या करना संदिग्ध बना हुआ है। ऐसे में संपूर्ण परिस्थितियों की सत्यता जानने के लिए कांग्रेस की जांच कमेटी शनिवार की सुबह घटनास्थल पहुंचकर आसपास के लोगों के साथ और सेन परिवार से जुड़े सदस्यों से बातचीत कर सच्चाई जानने की कोशिश करेगी। जांच कमेटी में गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे, नंद कुमार सेन, पार्वती साहू, करुणा कुर्रे, सुमित दास, सतनाम पनाग शामिल हैं।

### ओपी चौधरी से छात्रों ने की मुलाकात, बताई समस्याएं

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के रायपुर निवास में छात्रों का समूह पहुंचा और श्री चौधरी से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं के निदान का निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने अपने पोस्ट में लिखा कि आज निवास स्थान, रायपुर में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी व समस्याओं के अति शीघ्र निदान हेतु उन्हें आश्वस्त कर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आप सभी से प्राप्त स्नेह और मेरे प्रति आपका अटूट विश्वास ही मुझे जनसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढने के लिए नव ऊर्जा प्रदान करता है।

### मैट्स यूनिवर्सिटी कैंपस के पास मिली युवक की लाश

**रायपुर 30 दिसंबर।** राजधानी रायपुर में पंडरी मैट्स यूनिवर्सिटी के सामने मिली युवक की लाश मिली है । मृतक का नाम किशन साहू है जो की बलौदा बाजार का रहने वाला है । शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों न पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आपको बता दे मृतक के पास से पासबुक और पैसे मिले है, लोगो के अनुसार वह कल से उसी इलाके में घूम रहा था। मृतक के घर वालो से संपर्क हो गया है। यह पूरा मामला देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है ।

### 16 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** जिले में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कटघोरा पुलिस को मोहलाईनभाठा में अवैध महुआ शराब बिक्री की मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर ग्राम मोहलाईनभाठा में दबिश देकर राय सिंह पिता सजन सिंह गोड 45 वर्ष निवासी मोहलाईन भाठा कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा के कब्जे से अवैध महुआ शराब बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1600 रूपये, बिक्री रकम 590 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर आरोपी का कृत्य धारा 34 (2), 34 (1) (क) (ख) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# नववर्ष पर होंगे राजधानी में अनेक कार्यक्रम

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** राजधानी में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर होटलों एवं मोहल्लों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राजधानी में कानून व्यवस्था संभालने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

राजधानी के वीआईपी रोड, रिंग रोड नंबर 1, 2 व तीन सहित अन्य स्थानों पर स्थित होटलों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके लिए आकर्षक पैकेज बनाए गए हैं। कई फिल्मी एवं टीवी सितारों को भी बुलाया गया है। मुम्बई के कई नामचीन डांसर भी आ रहे हैं। राजधानी के अनेक मोहल्लों में भी नए वर्ष के स्वागत के लिए तैयारियां की जा रही है। विभिन्न शासकीय एवं निजी कार्यालयों के कर्मी तथा युवा राजधानी के आसपास स्थित तीर्थस्थलों व पर्यटन केंद्रों में पिकनिक मनाने जा रहे हैं। इस समय घटारानी, भूतेश्वरनाथ, सिरपुर व सोमनाथ धरसींवा में कार्यक्रम कराने तथा खाने-पीने की एडवांस बुकिंग कर ली गई है। कई स्थानों पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी। गिरिजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन होगा।

राजधानी में हुल्लड़ करने वाले लोगों पर भी पुलिस की विशेष नजर होगी। आसपास के शहरों से 500 से अधिक जवानों को बुलाया गया है। पुलिस के कैमरे भी विभिन्न लोगों पर सतत निगरानी रखेंगे। पुलिस कंट्रोल रूम से अधिकारी दिशा-निर्देश देंगे। राजधानी के विभिन्न मंदिरों में हवन पूजन का भी कार्यक्रम रखा गया है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती 12 को, आश्रम में होंगे अनेक कार्यक्रम

**वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता के साथ होगा भागवत प्रवचन**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित विवेकानंद आश्रम के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर अंतर्महाविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता सहित श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन किया जाएगा।

आश्रम के सचिव स्वामी अव्ययात्मानन्द से मिली जानकारी के अनुसार विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर अनेक कार्यक्रम होंगे। युवा दिवस 12 जनवरी को आश्रम प्रांगण में विवेकानंद के पकम युवा शक्ति की श्रद्धांजलि कार्यक्रम हेगा। रविशंकर विवि स्थित स्वामी जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया जाएगा। 13 जनवरी को स्वामी 'विवेकानंद के अनुसार त्याग का आदर्श' विषय पर अंतर्महाविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता, 14 जनवरी को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, 15 जनवरी को विश्व में व्याप्त अशांति का समाधान भारतीय विचारधारा द्वारा अधिक सुलभ है विषय पर वाद-विवाद, 16 को समाज जीवन स्वहित की अपेक्षा पर परहित से सुखदायी विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी कार्यक्रम शाम 6 बजे से आश्रम प्रांगण में होंगे। 17 जनवरी को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, 18 जनवरी को 'स्वामी विवेकानंद का आत्मविश्वास का संदेश' विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम 21 जनवरी तक चलेंगे। 21 जनवरी को अंतर प्राथमिक शाला पाठ आवर्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 23 जनवरी को सायंकाल 6 बजे विवेकानंद जयंती समारोह का उद्घाटन होगा। 24 जनवरी से 30 जनवरी तक प्रतिदिन सात बजे से श्रीमद्भागवत पर अखिलेश शास्त्री का प्रवचन होगा।

**मां शारदा जयंती 3 जनवरी को :** मां शारदा देवी का 171 वीं जयंती महोत्सव 3 जनवरी को मंदिर में मनाया जाएगा। मंगल आरती प्रातः 5 बजे, हवन 10 बजे तथा भोग कार्यक्रम 11:30 होगा।

सिमगा के समीप ग्राम भूमिया में विवेकानंद आश्रम सेवा समिति द्वारा स्वामी आत्मानंद छात्रावास का उद्घाटन रामकृष्ण मिशन के सचिव 1 जनवरी को करेंगे। एक जनवरी को 8 बजे से हवन-पूजन, 10 बजे उद्घाटन एवं सार्वजनिक सभा एवं दोपहर 12 बजे गरीबों को कंबल वितरण किया जाएगा। विवेकानंद आश्रम सेवा समिति के प्रमुख के अनुसार विवेकानंद विद्यापीठ कोटा के संस्थापक ओमप्रकाश वर्मा मुख्य वक्ता होंगे।

# अदिवासी भाइयों का अहित नहीं होने देंगे: केदार कश्यप

**रायपुर 30 दिसंबर।** हसदेव जंगल की कटाई पर वन मंत्री केदार कश्यप ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि



हसदेव को लेकर जो भी रूल्ह हुआ है उस फाइल को देखूंगा. जो भी टर्म्स कंडिशंस हैं उसे देखकर आगे विचार करेंगे. वहीं कांग्रेस के विरोध पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने दिखावे के लिए विरोध किया था.

उन्होंने आगे कहा कि पूरे मामले में क्या अनुबंध हुए हैं, क्या टर्म्स एंड कंडीशन हैं उसको देखकर फिर बात करेंगे. कांग्रेस सरकार दिखावे के लिए विरोध कर रही थी. जो भी हुआ है वह सब की जानकारी में है. हमारे वहां के वनवासी भाइयों के साथ, आदिवासी भाइयों के साथ कोई अहित न हो इस बात का ध्यान रखा जाएगा. इस पूरे मामले को देखूंगा फिर मैं कुछ कह पाऊंगा.

वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग की जिम्मेदार मिलने पर केदार कश्यप ने कहा कि इसके लिए मैं प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं. जो जवाबदारियां दी गई हैं उसे पर मैं खड़ा उतरू. जिस गारंटी के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, जिस संकल्प को लेकर जनता के बीच हम गए थे. उस संकल्प को शत प्रतिशत पूरा करें यही हमारी प्राथमिकता होगी.

## महापौर के निवास से हटाए गए सुरक्षा जवान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद नई विष्णुदेव सरकार ने पुरानी भूपेश सरकार की कई व्यवस्थाओं को बदल दिया है। इसी कड़ी में खबर आ रही है कि रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर को बड़ा झटका लगा है। बता दे कि महापौर एजाज ढेबर के निवास में तैनात सुरक्षा पीएसओ को पुलिस विभाग ने हटा दिया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा के लिहाज से एजाज ढेबर के आवास में तीन पीएसओ तैनात किए गए थे, जिन्हें अब वापस बुला लिया गया है। गौरतलब है कि सत्ता परिवर्तन के बाद से महापौर एजाज ढेबर घिरते नजर आ रहे हैं। हाल ही में पूरे रायपुर शहर में हुई बुल्डोजर कार्रवाई में उनके वार्ड में निर्मित अवैध निर्माण को भी तोड़ा गया था। वहीं, खबर आई थी कि निगम के आधे से अधिक कांग्रेस पार्षद भाजपा में शामिल होने की मंशा बना चुके हैं। हालांकि अभी तक ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला।



# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन करेगा 14 जनवरी को आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन

**रायपुर 30 दिसंबर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा की अध्यक्षता में शुक्रवार, दिनाँक 29 दिसम्बर, 2023 को प्रांतीय कार्यालय, प्रोसेसर कालोनी, रायपुर में आयोजित की गयी जिसका शुभारंभ श्री गणेश पूजन कर किया गया.




इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि आगामी 14 जनवरी, 2024 को आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन किया जाना है, जिसमें आचार्य चाणक्य जी के जीवन पर व्याख्यान एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाना है, इस आयोजन में विप्र विधायकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा ने कहा की सभी विप्र विधायकों को आमंत्रित करने हेतु प्रतिनिधि मंडल लेकर जाएंगे. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दर्शकों से धार्मिक प्रश्न पूछे जाएंगे और सही उत्तर देने पर सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा. प्रांतीय महासचिव अजय अवस्थी ने बताया की तीन वक्ताओं के नाम तय कर उन्हें आचार्य चाणक्य जी पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाएगा. राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा ने सभी सदस्यों को संगठन के कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की. बैठक के अंत में संगठन द्वारा दर्शनीय स्थल भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत रविवार, 24 दिसम्बर, 2023 को आयोजित तुरतुरिया धाम, बार नवापारा के भ्रमण में शामिल 42 सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया. बैठक में विशेष रुप से प्रांतीय महासचिव सुनील ओझा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, युवा सचिव अभिषेक त्रिपाठी, महिला सचिव अर्चना तिवारी, प्रांतीय सचिव सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

## डंकनी रिवरफ्रंट और नदी तट पर आयरन व वेस्ट डंपिंग का मामला

# पर्यावरण संरक्षण मंडल की उदासीनता के कारण नुकसान

**रायपुर 30 दिसंबर।** दंतेवाड़ा में डंकनी नदी की एक तरफ बनाए जा रहे रिवर फ्रंट और दूसरी तरफ आयरन ओर का वेस्ट डंप किए जाने के मामलों को लेकर रायपुर के पर्यावरण प्रेमी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि पर्यावरण संरक्षण मंडल की उदासीनता के कारण ये कार्य हुए जिससे पर्यावरण, इकोलॉजी और जैव विविधता को भारी नुकसान हुआ है। पर्यावरण प्रेमी ने मुख्य सचिव से मांग की है कि वह निर्देश जारी करें कि पर्यावरण संरक्षण मंडल उदासीनता छोड़कर अपने दायित्वों को पूर्ण करें। सिंघवी ने पूरे मामले की जाँच की मांग की है।



रायपुर के पर्यावरण प्रेमी नितिन सिंघवी ने बताया की 6 नवंबर 2023 को उन्होंने सदस्य सचिव, पर्यावरण संरक्षण मंडल को पत्र लिखकर के बताया कि डंकनी नदी में रिवर फ्रंट के नाम से दीवाल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के पहले पर्यावरण को होने वाले नुकसान का कोई अध्यन नहीं कराया गया। निर्माण से नदी की जैव विविधता को नुकसान होने के अलावा पर्यावरण और इकोलॉजी को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। निर्माण चालू रहने से और नुकसान हो रहा है। पत्र के मांग की गई थी कि इस कार्य को बंद कराया जाए परन्तु पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कोई कार्यवाही नहीं की और फिर 44 दिनों बाद 20 दिसंबर को अपने रीजनल ऑफिसर जगदलपुर को रिपोर्ट भेजने के लिए कहा। सिंघवी ने मुख्य सचिव को कहा कि जब उन्होंने प्रमाण प्रस्तुत किए थे तो सदस्य सचिव को कार्य रुकवा कर जांच करनी चाहिए थी, रिपोर्ट भी एक दिन में बुलवाई जा सकती थी।

सिंघवी ने बताया कि 6 नवंबर 2023 को उन्होंने सदस्य सचिव को पत्र लिख कर प्रमाण के साथ आरोप लगाए थे कि डंकनी नदी के तट पर आयरन ओर वेस्ट डंप किया जा रहा है, इसे तत्काल रुकवाया जाए। परंतु पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कोई रुचि नहीं दिखाई और इस बीच 35000 टन आयरन ओर वेस्ट डंप कर दिया गया, उसके ऊपर नदी से रेत निकाल कर डालकर डंपर चलकर मैदान बना दिया गया है और बाकी जगह पर अभी भी आयरन ओर वेस्ट की डंपिंग चालू है। पत्र लिखने के 52 में दिन बाद पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव ने अपने रीजनल ऑफिसर जगदलपुर को पत्र भेज कर रिपोर्ट मंगाई है। सिंघवी ने आरोप लगाया की सदस्य सचिव चाहते तो पहले दिन ही कार्य रुकवा कर रिपोर्ट मंगवा सकते थे इससे पर्यावरण, इकोलॉजी और जैव विविधता को नुकसान नहीं पहुंचता।

सिंघवी ने बताया कि वर्ष 2021 में भी इसी जगह पर आयरन ओर डंपिंग चालू की गई थी और नदी के तल पर दीवाल बना दी गई थी, जिसको लेकर उन्होंने जनहित याचिका दायर की थी। माननीय उच्च न्यायालय ने आदेशित किया था कि सिंघवी के प्रतिवेदन का निराकरण किया जावे। परंतु पर्यावरण संरक्षण मंडल ने प्रतिवेदन में प्रस्तुत आरोपो का निराकरण न करते हुए अपने रीजनल ऑफिसर से रिपोर्ट बुलाकर मामला रफा दफा कर दिया। नदी के तट पर बनी दीवार आज भी बनी हुई है।

# पश्चिमी विक्षोभ ने बदली हवा की दिशा, छत्तीसगढ़ में ठंड से राहत

**रायपुर, 30 दिसंबर ।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है और पूर्व से आने वाली हवाओं में नमी की मात्रा ज्यादा है। इसके चलते आने वाले दिनों में भी न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

आने वाले पांच से छह जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसे ही रह सकता है। शनिवार 30 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी और पांच जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। उसके बाद सात जनवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। हवा में आ रही नमी के चलते सुबह के साथ ही रात में भी ठंडकता थोड़ी बढ़ी है। इन दिनों गर्म कपड़ों के स्टालों में ग्राहकों की भीड़ के साथ ही लोगों को अलाव तापते भी देखा जा सकता है। गुरुवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। प्रदेश में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा,यहां का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है और हवा में नमी की मात्रा ज्यादा आ रही है। हवा की दिशा अभी पूर्वी ही रहने की संभावना है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23